

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 7 अगस्त 2024

संवत 2081, श्रावण शुक्लपक्ष तृतीया मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 327 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 रोजगार सृजन केंद्र सरकार की प्राथमिकता

भारत-श्रीलंका के बीच तीसरा ओडीआई आज 6









# अवैध बालू कब्जे की लड़ाई : उग्रवादियों ने छह गाड़ियों में लगाई आग, क्षेत्र में दहशत

## जेजेएमपी के उग्रवादियों ने जेसीबी में भी लगाई आग



मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची के बुढ़मू में छापर स्थित दामोदर नदी बालू घाट पर मंगलवार देररात उग्रवादियों ने साकेत साहू और बलराम साहू के छह वाहनों को आग के हवाले कर दिया। उग्रवादियों ने बालू ढुलाई में लगे चार ट्रबो, एक ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन में आगजनी की है। इस घटना से इलाके में दहशत है। लेवी को लेकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल किसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।

चर्चा है कि जेजेएमपी कमांडर राहुल तुरी उर्फ अलोकजी ने इस घटना को अंजाम दिया है। वह उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद् (जेजेएमपी) से जुड़ा हुआ है। इस घटना का मकसद डर का माहौल पैदा कर कारोबारियों से लेवी वसूलना है।

ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार देररात दर्जनों वाहन छापर घाट पर बालू की अवैध निकासी कर उसे ट्रकों और हाइवा में भर रहे थे। इस दौरान छह बाइकों से हथियारबंद लोग पहुंचे। उन्होंने मजदूरों को मारपीट कर भगा दिया। इसके बाद वाहनों को आग के हवाले कर दिया। बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी ने बताया कि आगजनी की सूचना मिली है लेकिन वह अवकाश पर हैं। उल्लेखनीय है कि रांची के बुढ़मू इलाके में एनजीटी की रोक के बावजूद बालू उत्खनन हो रहा है।

### बुढ़मू थाना प्रभारी और सब-इंस्पेक्टर निलंबित



**रांचीः** शहर के बुढ़मू में छापर स्थित दामोदर नदी बालू घाट पर मंगलवार देर रात उग्रवादियों ने साकेत साहू और बलराम साहू के छह वाहनों को आग के हवाले कर दिया। उग्रवादियों ने बालू ढुलाई में लगे चार ट्रबो, एक ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन में आगजनी की है। लेवी को लेकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया गया है कि जेजेएमपी कमांडर राहुल तुरी उर्फ अलोकजी ने इस घटना को अंजाम दिया है। वह उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद् (जेजेएमपी) से जुड़ा हुआ है। इस घटना का मकसद डर का माहौल पैदा कर कारोबारियों से लेवी वसूलना है। इस घटना के बाद बुधवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार और एक सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया। साथ ही रितेश महतो को थाना प्रभारी बनाया गया है। फिलहाल, किसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। उल्लेखनीय है कि करोड़ों की अवैध उगाही के कारण छापर बालू घाट उग्रवादियों और अपराधियों का चरम अड्डा बन गया है। आये दिन यहां कभी उग्रवादी तो कभी अपराधी वाहनों में आगजनी करते हैं। इस पर लगाम लगाना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बन गया है।

पेरिस ओलंपिक :भारत को बड़ा झटका

## विनेश फोगाट वजन के कारण अयोग्य घोषित, नहीं मिलेगा कोई मेडल



**पेरिसः** ओलंपिक से भारत के लिए दुखद खबर सामने आई है। भारत की स्टार रेस्लर विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उनका वजन 50 किलोग्राम से मेल नहीं खा रहा था। ऐसे में अब विनेश फोगाट फाइनल में हिस्सा नहीं ले पाएंगी और न ही उन्हें कोई मेडल मिलेगा। इस बार इस भार वर्ग का गोल्ड मेडल यूएएस की रेस्लर को मिलेगा और कांस्य पदक के लिए मैच होगा। भारतीय ओलंपिक संघ ने इस बात की पुष्टि की है। ओलंपिक संघ ने बताया कि यह खेदजनक है कि भारतीय दल विनेश फोगाट को महिला कुश्ती 50 किलोग्राम वर्ग से अयोग्य घोषित करने की खबर साझा करता है। रात भर टीम द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद, आज सुबह उनका वजन 50 किलोग्राम से 100 ग्राम अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की नजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है।

बता दें कि पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड की नंबर वन रेसलर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, और सेमीफाइनल में भी जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए मेडल पक्का किया था। लेकिन अब उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है, जिसके चलते अब उन्हें कोई भी मेडल नहीं मिलेगा।

### प्रधानमंत्री ने विनेश फोगाट को बताया चैंपियनों में चैंपियन

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर किये जाने पर उम्मीद न खोने और और अधिक मजबूत होकर वापसी करने को कहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं। आप भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज की असफलता दुख देती है। काश ! मैं शब्दों में उस निराशा को व्यक्त कर पाता जो मैं अनुभव कर रहा हूं। साथ ही, मैं जानता हूं कि आप लचीलेपन की प्रतिमूर्ति हैं। चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है और मजबूत होकर वापस आओ। हम सब आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

## हाईकोर्ट ने शहर में गौ मांस की खुलेआम बिक्री पर कड़ी नाराजगी जाहिर की

**रांचीः** श्यामानंद पांडेय द्वारा दायर की गयी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने शहर में गौ वंश मांस की खुलेआम बिक्री होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए रांची एसएसपी को ऐसा करने वालों के खिलाफ एक्शन लेने का निर्देश दिया है। अदालत ने अगले सप्ताह मंगलवार तक एसएसपी को शपथ पत्र के माध्यम से कार्रवाई की जानकारी कोर्ट को देने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने बहस की, उन्होंने अपनी बहस में अदालत के समक्ष डोरंडा इलाके में गौ वंश मांस की बिक्री से संबंधित तस्वीरें भी पेश की। जिसके बाद राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह बताया गया कि अगर अवैध तरीके से गौ वंश मांस की बिक्री हो रही है तो इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## अनिल यादव हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**गिरिडीहः** पुलिस ने जमीन कारोबारी अनिल यादव हत्याकांड का उद्भेदन कर महज कुछ घंटो में प्रमुख आरोपित बैजू रविदास को गिरफ्तार कर लिया है। आक्रोशित लोगों ने बुधवार की सुबह जब आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गिरिडीह टावर चौक के पास जाम लगा दिया तब मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी हो गयी है। इसकी पुष्टि एसपी ने की है। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम हटा लिया। जानकारी के अनुसार



एसपी दीपक कुमार शर्मा ने एसआईटी का गठन किया था। टीम ने भी तुरन्त छापेमारी शुरू कर दी और कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने के बाद हत्याकांड के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद हो गया है। साथ ही जिस वाहन से शव को पीरटांड इलाके में फेंका गया था उसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पैसे के लेनदेन को लेकर हत्या हुई है। आरोपित के साथ अनिल का विवाद हुआ था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार की शाम पीरटाड थाना क्षेत्र में प्लास्टिक के बंद बोरे में शव मिला था, जिसकी शिनाख्त अनिल यादव के रूप में हुई थी। आरोपित बैजू रविदास सरिया में सरकारी सेवक के रूप में कार्यरत है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामला

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत पर ईडी की बहस नौ को



**रांचीः** टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की जमानत पर रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान बचाव पक्ष यानी आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी कर ली गयी है। अब नौ अगस्त को ईडी की ओर से बहस की जायेगी।

आलमगीर आलम को ईडी ने छह घंटे की पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। ईडी इस केस में राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है। इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम को भी एजेंसी गिरफ्तार कर चुकी है। इनके ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद राशि बरामद किये थे।

## बांग्ला देश : हिंदू काउंसलर की हत्या, मंदिरों की मूर्तियां तोड़ीं, डर के साये में हिंदू




**नई दिल्लीः** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। बांग्लादेश के 27 जिलों में हिंदू मंदिर, घर और कारोबार को निशाना बनाए जाने की खबरे हैं। मेहरपुर के इस्कॉन मंदिर में मूर्तियां तोड़ी गई हैं, तो वहीं रंगपुर में दो हिंदू काउंसलर की हत्या कर दी गई है। बांग्लादेश के कई हिंदु पलायन को तैयार हैं और बार्डर पर पहुंच भी गए हैं। बांग्लादेश के ताजा हालात पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संसद के दोनों सदनों में बयान देते हुए कहा कि वहां के हालात पर भारत सरकार की नजर है। वहां हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। यह चिंता की बात है। भारत सरकार बांग्लादेश में अपने नागरिकों के संपर्क में है। इस वक्त वहां करीब 19 हजार भारतीय मौजूद हैं, जिनमें से 9000 छात्र हैं। वहां अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में जो भी सरकार बने उनसे मांग है कि भारत के हाई कमीशन की सुरक्षा की जाए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर भी हमला किया, जिसके बाद हालात बिगड़े। उन्होंने यह भी बताया कि इस्तीफे के बाद शेख हसीना ने भारत आने की इजाजत मांगी थी। इसके बाद भारत सरकार ने उनके आने की व्यवस्था की। शेख हसीना फिलहाल के लिए भारत में ही हैं। भारत आने के बाद से शेख हसीना सदमे में हैं। सरकार बात करने से पहले उन्हें कुछ समय दे रही है। वह भविष्य को लेकर खुद फैसला लेंगी। विदेश मंत्री ने कहा कि सोमवार को बांग्लादेश में मौजूद भारतीय समुदाय की रक्षा के लिए वहां के आर्मी चीफ से बात की गई है। ढाका के इंडियन हाई कमिश्नर और चिटगांव के एसोसिएट हाई कमिश्नर हमें लगातार रिपोर्ट भेज रहे हैं। हम बांग्लादेश में अल्पंख्यक समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। बीते 24 घंटे के दौरान वहां काफी कुछ बदल गया है। हम सदन से इस मसले पर सहयोग चाहते हैं।

### पड़ोसी मुल्कों में हिंदुओं को खोजकर मारा जा रहा, मठ-मंदिर तोड़े जा रहे हैं हमें एकजुट होना होगा: सीएम योगी



**अयोध्याः** सीएम योगी ने बांग्लादेश का नाम लिए बिना कहा कि आज पड़ोसी मुल्कों में हिंदुओं को खोजकर मारा जा रहा है। मठ-मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हमें इतिहास से सीख लेना होगा। एक होकर संकल्प के साथ काम करना होगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने सरयू के संत तुलसीदास घाट तट पर स्थित परमहंस की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

न्यूज ब्रीफ



## मंइयां सम्मान योजना से भाजपा मुद्दाविहीन : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची:** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां महिला सम्मान योजना की सफलता और इसे महिलाओं द्वारा हाथों-हाथ लेने के लिए सरकार और महिलाओं के प्रति आभार प्रकट किया है। झामुमो ने इस योजना को लेकर बाबूलाल मरांडी समेत अन्य भाजपा नेताओं के आरोपों को अनर्गल बताया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पहले दिन अधिक हिट्स होने के कारण सर्वर स्लो हो गया, जिसका निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना से भाजपा सेटबैक में चली गयी है। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा मुद्दाविहीन हो गयी है, उसे समझ ही नहीं आ रहा है कि वह कौन सा मुद्दा लेकर चुनाव और जनता के बीच जाये। लोकसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा को कोई मुद्दा नहीं मिल रहा था, तो घुसपैठ का मुद्दा लायी। मगर, इसमें घुसपैठ कम और हिंदू-मुस्लिम अधिक था। जब यह भी हवा हो गया, तो अब सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर ऊंगली उठा रही है। झामुमो महासचिव ने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं, छात्रो, किसानों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, रसाईया के लिए कई लाभों की घोषणा की है। सुप्रियो ने कहा कि अगर केंद्र सरकार हमारा बकाया 1.36 लाख करोड़ लौटा दे, तो ऐसी कई योजनाएं हमारी सरकार ला सकती है। जीएसटी का भी बकाया केंद्र सरकार नहीं देती है। उन्होंने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों की अधिकांश मांगें सरकार ने मान ली है। मगर कुछ विरोधी तत्वों के कारण आंदोलन खत्म नहीं हो रहा है।

## श्राद्ध कर्म के लिए समाजसेवी ने की मदद



**सिल्ली:** समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राहे प्रखंड के बसंतपुर निवासी चैता मुंडा के धर्मपत्नी रासो देवी के निधन पर उसकी श्राद्धकर्म के लिए राशन सामग्री चावल, दाल, सब्जी आदि सहयोग किया। मुंडा ने कहा असमर्थ, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को यथासंभव आर्थिक मदद करने का प्रयत्न करता हूं। मौके पर पुत्र- दिनेश्वर मुण्डा खिरोधर सिंह मुण्डा, पाटी महली व अन्य उपस्थित थे।

## उसरी नदी में डूबे युवक का शव बरामद



**गिरिडीह :** बाबा दुखहरण नाथ मंदिर के पास उसरी नदी में डूबे युवक का शव 24 घंटे बाद मंगलवार की दोपहर बरामद कर लिया गया। धनबाद जिले के सिजुआ न्यू श्याम कॉलोनी निवासी युवक गौतम चौहान सोमवार को नदी में नहाने के दौरान में नदी की धारा में बह गया था। घटनाक बाद स्थानीय युवकों के काफी प्रयास के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला था। मालूम हो कि गौतम अपने परिवार के साथ तीसरी सोमवार पर बाबा दुखहरण नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना आया था। पूजा से पहले वह नदी में स्नान करने के दौरान वह डूब गया था। मंगलवार को धनबाद के गोताखोरों की टीम नदी तट पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद शव बरामद कर लिया।

## पारा शिक्षकों के नियमितीकरण संबंधी असम सरकार के फैसले को प्रदेश भाजपा ने सराहा



**रांची:** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मंगलवार को असम सरकार द्वारा पारा शिक्षकों के नियमितीकरण के फैसले की सराहना करते हुए असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंत विस्वा सरमा को बधाई दी। बाउरी ने कहा कि भाजपा सरकार और इंडी गठबंधन की सरकारों की नीति और नीयत में यही फर्क है। बाउरी ने कहा कि भाजपा नेतृत्व की सरकार अपनी घोषणाओं को जमीन पर उतारने में विश्वास करती है जबकि कांग्रेस-झामुमो-राजद की सरकार जनता को, किसानों को, युवाओं को और महिलाओं को केवल धोखा देती है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा के नेतृत्व वाली असम की भाजपा सरकार ने पांच वर्षों से सेवा दे रहे अनुबंधित ₹समग्र शिक्षा असम₹ के पारा शिक्षकों को बिना कोई परीक्षा की औपचारिकता किए नियोजित करने का फैसला लिया है और इसके लिए कुल 35,153 पदों का सृजन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार अपने वायदे के विपरीत पारा शिक्षकों के साथ सिर्फ ₹मीटिंग-मीटिंग₹ खेलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापक) के प्रति सरकार असंवेदनशील है। मकसद सिर्फ कैसे भी इन्हें फिर ठग कर वोट लेना है।

# कल्चरल प्रोग्राम में आकर्षण का केंद्र रहे झारखंड की समृद्ध कला-संस्कृति : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री ने की विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा

मेट्रो रेज

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान रांची में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की मंगलवार को समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 9 एवं 10 अगस्त 2024 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखण्ड आदिवासी महोत्सव सम्पूर्ण गरिमा और भव्यता के साथ मनाया जाय। महोत्सव में पहुँचने वाले सभी आगंतुकों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सांस्कृतिक समारोह स्थल में आगंतुकों के



बैठने की पूरी व्यवस्था हो। साज-सज्जा तथा भव्यता में कोई कमी न रहे इस के लिए पूरी तैयारी एक बेहतर प्लानिंग के साथ करें।

ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ नये कलाकारों को भी मिले अवसरः मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झारखंड की समृद्ध कला, संस्कृति को प्राथमिकता के तौर पर शामिल करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम की भव्यता झारखंड के कला-संस्कृति पर केंद्रित हो यह सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन के दौरान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान परिसर में लगे पेड़-पौधों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखें। मौके पर विभागीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि कार्यक्रम के दौरान समारोह स्थल पर लगे एक भी पेड़-पौधों को नुकसान न पहुंचे इस निमित्त पूरी तत्परता के साथ विशेष ध्यान रखा जा रहा है। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में आयोजित कल्चरल प्रोग्राम में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता के तौर पर मौका दें।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा एवं उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य सरकार से किसी नई योजना के सफल कार्यान्वयन की उम्मीद करना बेमानी : प्रतुल शाह देव

मेट्रो रेज

**रांची:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर पलटवार करते हुए सरकार की योजनाओं के कार्यान्वन के रिकॉर्ड पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जो सरकार आज तक स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति नहीं बना पाई, 1932 का खतियान लागू नहीं कर पाई, बेरोजगारी भत्ता नहीं दे पाई, ऐसी सरकार से किसी नई योजना के सफल कार्यान्वयन की उम्मीद करना भी बेमानी है।

प्रतुल ने कहा कि दरअसल इस सरकार के भ्रष्टाचार ने झारखंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल घूम आए। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री अभी जेल में हैं। मुख्यमंत्री के तमाम दरबारी जेल के भीतर हैं। राज्य में हाहाकार मचा है। विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। इन सबसे ध्यान बांटने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिना तैयारी के 'मइयां सम्मान योजना' को ले आए ।

प्रतुल ने कहा कि पहले ही



चार दिनों में इस योजना के प्रति सरकार की मंशा की कलई खुल गई। अधिकांश जगह सर्वर डाउन है। बिचौलिये हावी हैं। फार्म जमा नहीं हो पा रहा है। यह स्पष्ट दिख रहा है कि चुनाव को देखकर सरकार की हड़बड़ी ने बड़ी गड़बड़ियां करा दी। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार में महिला उत्पीड़न की घटनाओं ने झारखंड के पहले 19 वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पांच वर्षों में लगभग 7000 बहू-बेटियों की इज्जत लूटी गई। सरकार ने आज तक श्वेत पत्र जारी करके यह नहीं बताया कि इसमें से कितने अभियुक्तों को फास्ट ट्रेक कोर्ट के जरिए सजा दिलाई गई। जानकारी के मुताबिक बहुसंख्य मामलों में तो चार्जशीट भी दाखिल नहीं हुआ।

प्रतुल ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर झारखंड मुक्ति मोर्चा को अब अपने निश्चय पत्र में किए गए वायदे भी याद नहीं है। आज की पत्रकार वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके मेनिफेस्टो में चूल्हा भत्ता का कोई जिक्र नहीं है जबकि उनके 'निश्चय पत्र' के 'महिलाओं के अधिकार' चैप्टर में स्पष्ट रूप से लिखा है कि महिलाओं को प्रतिमाह 2000 चूल्हा खर्च के रूप में मिलेगा। प्रतुल ने कहा कि यही इस सरकार और पार्टी की महिलाओं के प्रति असंवेदनशीलता को दिखाता है। आगामी चुनाव में जनता झामुमो का सुपड़ा साफ कर देगी।

## रेलवे सुरक्षा बल ने 12 नाबालिग सहित 14 को मानव तस्कर के चंगुल से कराया मुक्त



**पलामूः** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने मंगलवार को 12 नाबालिग सहित 14 को मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया। इस मामले में आरपीएफ ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। तस्कर के चंगुल से मुक्त कराये गये सभी 12 नाबालिग व दो बालिग बिहार के गया जिले के सलैया के रहने वाले हैं। मजदूरों को बहला फुसलाकर फैक्ट्री में काम करने के लिए नोएडा भेजा जा रहा था। आरपीएफ ने सभी का रेस्क्यू किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि कैंपिंग ड्यूटी में तैनात उप-निरीक्षक बीर प्रताप सिंह साथ में प्रधान आरक्षी मनोज कुमार सिंह, संजीत कुमार, आरक्षी अभिषेक कुमार सिंह, पप्पु लाल मीणा, वरुण कुमार, उदय कुमार डालटनगंज रेलवे प्लेटफॉर्म पर गश्त लगा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर उन बच्चों पर पड़ी। जब आरपीएफ ने उन बच्चों से पूछताछ की तो पता चला कि बच्चों को बहला फुसलाकर नोएडा ले जाया जा रहा है। उन बच्चों के साथ तस्कर मंसूर अंसारी को भी आरपीएफ ने हिरासत में लिया है। सभी बच्चों को तस्कर मंसूर एक कूलर फैक्ट्री में मजदूरी करने के लिए ले जा रहा था। उन्हें 9000 रुपये महिना देने की बात कही गयी थी।



## नर्सिंग होम संचालक को मारी गोली, मौत

**हजारीबागः** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाखे के पास मंगलवार देर शाम अपराधियों ने नर्सिंग होम के संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के नोनगांव निवासी परशुराम प्रसाद उर्फ पीआर प्रसाद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक परशुराम विष्णुगढ़ में नर्सिंग होम चलाते थे। वह वापस हजारीबाग आ रहे थे। इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने पीछा करते हुए शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाखे के पास सिर में गोली मारकर जख्मी कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस मामले की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी अपराधियों ने डॉक्टर परशुराम को विष्णुगढ़ के आसपास गोली मारकर घायल कर दिया था।

## समकालीन अभियान के तहत 23 वारंटी, अपराधियों की हुई गिरफ्तारी

**पलामूः** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक नरेन्द्र सिंह के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पलामू जिले में सोमवार रात और मंगलवार को विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों के आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करना था। इस अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए कुल 23 वारंटी-अपराधियों को गिरफ्तार किया। सबसे अधिक मेदिनीनगर शहर एवं सतबरवा इलाके से तीन-तीन वारंटी-अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। मोहम्मदगंज, लेस्लीगंज वं रेहला से दो -दो की गिरफ्तारी हुई। सदर, चैनपुर, रामगढ,



नावाबाजार, पाटन, हुसैनाबाद, हैदरनगर, पिपरा, छतरपुर, पिपराटाड़ एवं उंटारी रोड से एक-एक की गिरफ्तारी हुई।

गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस अभियान का नेतृत्व करते हुए पुलिस टीमों को निर्देश दिया था कि किसी भी प्रकार की अपराध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों ने समन्वय और सहयोग के साथ कार्य किया, जिससे यह सफलता प्राप्त हुई। इस अभियान से जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने में मदद मिली है। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को सहन नहीं किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया झुमरी तिलैया नगर परिषद् : सईद नसीम


### सात गुना अधिक मूल्य देकर खरीदा गया आक्सीमीटर

मेट्रो रेज

**कोडरमाः** युवा कांग्रेस नेता सईद नसीम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगरपरिषद पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुवे बताया कि नगर परिषद के जेम्स नोडल पदाधिकारी व सिटी मैनेजर सतीश कुमार ने पिछले साल अगस्त में एक हजार रुपये में नान ब्रांडेड आक्सीमीटर खरीदा था। वही नान ब्रांडेड आक्सीमीटर जेम्स में 152 रुपये में उपलब्ध है यानी करीब सात गुना अधिक मूल्य देकर सामान की खरीदारी की गई। इस मामले को उठाते हुए नसीम ने कहा कि झुमरीतिलैया नगर परिषद् जजमें वित्तीय अनियमितता के मामले



कई बार सामने आ चुके हैं। किसी सामान को सात गुना अधिक कीमत पर खरीदारी सरकारी राजस्व की चोरी, बबार्दी, व



भ्रष्टाचार है।कोरोना काल मे जैसे तैसे खरीदारी की गई थी लेकिन वर्तमान में कोरोना काल भी नही है फिर इस तरह की जल्दीबाजी वाली खरीदारी अपने आप मे प्रश्न खड़ा करता है उन्होंने कहा कि इस मामले में उपायुक्त, कोडरमा, सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, मुख्य सचिव के साथ विभागीय मंत्री व मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि नप में चार वर्षों से पदस्थापित सिटी मैनेजर सतीश कुमार पर पहले भी कार्यशैली व अपने काम में लापरवाही बरतने के आरोप लगे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बता दें कि पिछले दिनों स्थानीय विधायक ने जनसमस्याओं को लेकर नगरपरिषद में कार्यपालक पदाधिकारी व अन्य कर्मियों के साथ बैठक की थी। इसमें कार्यशैली व काम में लापरवाही के कारण सिटी मैनेजरो को काफी फटकार लगाई थी। ऐसे में समझा जा सकता है खुद की मनमानी के लिए ये निर्वचित जनप्रतिनिधियों की अवहेलना करने से भी नही चूकते।

डस्टबिन घोटाले में आज भी धूल फांक रहा डस्टबिनः सईद नसीम ने बताया कि इससे पहले डस्टबिन खरीद में करीब पांच लाख रुपये का घोटाला हुआ था। विभाग की तरफ से 149 रुपये जीएसटी सहित डस्टबिन का दर निर्धारित किया गया था। वहीं झुमरीतिलैया में तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश कुमार व सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने मिलीभगत करके 149 रुपये बिना जीएसटी के अत्यधिक संख्या में डस्टबिन की भुगतान की थी। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने इस मामले को उठाया एवं लोकायुक्त के यहां शिकायत की थी, तो दोनों पदाधिकारियों ने पांच लाख रुपये नप में वापस जमा करने पड़े थे। अभी लोकायुक्त का पद खाली रहने के कारण अब तक इस मामले की सुनवाई पुर्ण नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में इतना अधिक डस्टबिन खरीदा गया था कि आज भी पांच हजार से अधिक डस्टबिन नगरपालिका में धूल फांक रहे हैं।

# किसानों को वैकल्पिक कृषि और वन उपज के लिए दें प्रशिक्षण : मुख्यमंत्री

मेट्रो रेज

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक पर्षद की तृतीय बैठक संपन्न हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि झारखंड में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। इसे बढ़ावा देने के लिए सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड का गठन हुआ है। इसका उद्देश्य विभिन्न वनोपज का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना है। ऐसे में इस सहकारी संघ की जानकारी किसानों तक पहुंचनी चाहिए, ताकि वे इससे जुड़कर उत्पादों का लाभ ले सकें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है उसे परंपरागत कृषि काफी प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसानों को वैकल्पिक कृषि के लिए भी तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि कृषक पाठशाला राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस कृषक पाठशाला में किसानों को वैकल्पिक खेती का प्रशिक्षण दें। उन्हें वनोपज से जोड़ें। इसके लिए उन्हें संसाधन भी उपलब्ध कराने की पहल करें ताकि विपरीत परिस्थितियों में वे कृषि कार्य से जुड़कर अपने को मजबूत बनाए रख सकें।

**सभी लैम्प्स-पैक्स को पूरी तरह क्रियाशील करें:** मुख्यमंत्री ने राज्यभर में अवस्थित सभी लैम्प्स-पैक्स को पूरी तरह क्रियाशील करने का निर्देश अधिकारियों को दिया, ताकि किसानों को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि लैम्प्स और पैक्स से आज भी किसानों की एक बड़ी संख्या निबंधित नहीं है। ऐसे में छूटे हुए सभी किसानों को जोड़ने की पहल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लैम्प्स-पैक्स भवनों की मरम्मत के साथ उसके उचित रख-रखाव और बेहतर प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में लाह, इमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, आंवला, महुआ, करंज, रेशम और तसर जैसे कई वनोपज हैं, जिसकी उपयोगिता और बाजार में काफी ज्यादा मांग है लेकिन इसके उत्पादकों को इसका उचित फायदा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के इन विशेष उत्पादों का वैल्यू एडिशन के साथ जियो टैगिंग करने की दिशा में कदम उठाएं, ताकि इन वनोपजों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ किसानों को पूरा फायदा मिल सके। इससे झारखंड के इन विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक बाजार में भी अलग पहचान मिलेगी। **वनोपज एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठाएं जाएंः** मुख्यमंत्री ने कहा कि वनोपज एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठाएं जाने चाहिए। वनोपज से जुड़े ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ें। इनके उत्पादन से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण दें, ताकि वह व्यावसायिक रूप से इनका उत्पादन कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाह तथा रेशम -तसर की खेती की झारखंड में काफी संभावनाएं हैं। ऐसे में इसके उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करें। उन्होंने कहा कि केंदू पत्ता वनोपज को भी सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ के दायरे में लाने की संभावनाएं तलाशें। इससे केंदू पत्ता के उत्पादन से जुड़े श्रमिकों को फायदा मिलेगा।

**सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र फुदी को प्रोफेशनल तरीके से चलाने का सुझावः** मुख्यमंत्री ने कहा कि फुदी स्थित नवनिर्मित सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उसे प्रोफेशनल तरीके से चलाया जाए। यदि आवश्यक हो तो राष्ट्रीय सहकारी संघ अथवा राष्ट्रीय प्रशिक्षण सहकारी परिषद् से समझौता ज्ञापन कर वहां प्रोफेशनल-वोकेशनल कोर्सेज करवाया जाए ताकि राज्य के नवयुवकों का स्किल विकास हो, उन्हें रोजगार मिल सके। पीपीपी मोड में भी चलने की संभावना तलाशी जाए।

**मधु संग्राहकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाएः** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मधु संग्राहकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए। उनका समूह बनाकर सिध्कोफेड से जोड़ा जाए एवं उनके मधु को वैश्विक बाजार उपलब्ध करने के लिए अमूल, सफोला, हिमालय जैसी बड़ी कंपनियों-संस्थाओं से समझौता ज्ञापन किया जाए ताकि मधु संग्राहकों को उचित मूल्य मिल सके एवं लोगों को उच्च गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्यवर्धक मधु उपलब्ध हो सके।



## नये प्रभारी प्रिंसिपल को दी बधाई

**रांचीः** रामलखन सिंह यादव, कॉलेज के कमिटी अध्यक्ष अमर गुप्ता के नेतृत्व में कॉलेज के नये प्रभारी प्रिंसिपल डॉक्टर प्रिय पुरुषोत्तम आशुतोष का बुके देकर स्वागत किया गया एवं उन्हें बधाई दी गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, अमर गुप्ता, पल्लवी कुमारी,निधि कुमारी, मंजुला बागे व अन्य लोग उपस्थित थे।


**रॉंची समाहरणालय, रॉंची**
**(समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)**

**गुमशुदा बालिका की सूचना**
**(बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)**



- नाम– सोहन साव
- लिंग– बालक
- पिता का नाम– रवि साव
- माता का नाम– अज्ञात
- पता– अज्ञात
- उम्र – 09 वर्ष (लगभग)
- रंग – गोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, रॉंची के आदेशानुसार एक बालक सोहन साव को जन जागरण केन्द्र, हजारीबाग में आवासित किया गया है। बालक मानसिक रूप से असामान्य है तथा अपने निवास स्थान का पता बताने में असमर्थ है। बालक के जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालक के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 120 दिनों (चार माह) तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, रॉंची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–
1. बाल कल्याण समिति, रॉंची
रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या– 110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, रॉंची।
रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या– 111
सम्पर्क सूत्र– 6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रॉंची
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची
PR 332043 Social Welfare,Women and Child Development (24-25)_D


विधानसभा चुनाव 2024

# आईजी अभियान ने जिलों के एसपी के साथ की बैठक, चुनाव सेल गठित करने का निर्देश



**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को आईजी अभियान एवी होमकर ने जिलों के एसपी के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक के दौरान आईजी अभियान ने विधानसभा चुनाव-2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने सभी जिलों को अपने-अपने जिलों में चुनाव सेल गठित करते हुए चुनाव संबंधी कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इस दौरान गैर जमानतीय वारंटों का निष्पादन करने, हिस्ट्री शीटरों, फिरारियों एवं अन्य सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध सख्त एवं निरोधात्मक कार्रवाई करने, अन्तर्राज्जीय एवं अन्तर जिला चेक पोस्टों का प्रभावशाली क्रियान्वयन, अवैध शराब, मादक पदार्थ, हथियार, नकद के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने, नक्सल विरोधी अभियान को और प्रभावशाली करने, बलों की आवश्यकता का आकलन एवं उनके सुरक्षित आवागमन, बलों के आवासन की योजना बनाने, सुदूरवर्ती एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए हेलीड्रॉपिंग प्लान बनाने, शैडो एरिया की पहचान करते हुए चुनाव के दौरान संचार व्यवस्था के लिए योजना बनाने, पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों का चुनाव संबंधी प्रशिक्षण कराने तथा सभी जिला में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एवं भीआईपी मॉनिटरिंग सेल का गठन एवं प्रभावशाली क्रियान्वयन कराने का निर्देश दिया। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर अन्य राज्यों की सीमावर्ती जिलों को अन्तर्राज्जीय समन्वय बैठक करने तथा सभी जिलों को अन्तर जिला एवं अन्तर्राज्जीय आसूचना का सम्यक आदान प्रदान करने तथा पूर्व में प्रतिवेदित चुनाव संबंधी काण्डों का अनुश्रवण एवं त्वरित निष्पादन के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में आईजी अभियान-सह-राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी अमोल विनुकांत होमकर, जैप डीआईजी पटेल मयुर कनैयालाल, एसटीएफ डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, डीआईजी जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट अश्विनी कुमार सिन्हा, डीआईजी संचार एवं तकनिकी सेवाएं एस कार्तिक, डीआईजी विशेष शाखा एवं चाईबासा, गढ़वा, साहेबगंज, लातेहार एवं गिरिडीह एसपी भौतिक रूप से तथा राज्य के प्रक्षेत्रीय आईजी, डीआईजी, एसएसपी एवं एसपी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया।



## डायल 112 का प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को करें जागरूकः डीजीपी

**रांचीः** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने डायल 112 के सुचारू रूप से क्रियान्वयन और आम जनता के बीच प्रचार-प्रसार कर जागरुकता और रिस्पॉन्स टाइम में और अधिक सुधार लाने के जैसे बिंदुओं पर चर्चा की। डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस के स्तर से एक क्यूआरकोड का निर्माण कर सार्वजनिक स्थानों और सभी पब्लिक ट्रांसपोर्ट, पार्क, स्कूल, कॉलेज जहां छात्रों का अवागमन होता हो, वहां लगाया जाये ताकि पीड़ित के द्वारा अविलंब स्कैन कर 112 पर समय पर सूचना दी जा सके। एडीजी अभियान ने बैठक के दौरान डायल 112 का प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को जागरूक करने लिए डायल-112 से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर त्वरित और तार्किक कार्रवाई करने को लेकर निर्देश जारी किये। रिस्पॉन्स टाइम में अपेक्षित सुधार लाने के लिए आम जनता से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर कम समय में निष्पादन करने पर चर्चा की गयी। डायल-112 से संबंधित मोबाईल एप डाउनलोड करने के लिए सभी एसपी को अपने-अपने जिलो में स्कूल और कॉलेजों में कैंप लगाने छात्रों को प्रेरित करने का निर्देश दिया।


**ई० प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची**

अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–05/2024-25/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.
दिनांक–06.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation of Furnishing work of room No-08, 09 and 43 (Hon'ble Minister Chamber and Cell BCD, RCD & WRD) at Ground Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | राशि रू0 74,72,900.00/– ( चौहत्तर लाख बहत्तर हजार नो सौ ) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण की अवधि | 4 (चार) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.08.2024 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 21.08.2024 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 22.08.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल संख्या–02,रॉंची। |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8203309676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 05.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची।
PR.NO.332009 Building(24-25):D




## मुख्यमंत्री से मिला झारखंड सचिवालय सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

**रांचीः**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में झारखंड सचिवालय सेवा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने झारखण्ड सचिवालय सेवा संघ के लंबित मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर झारखंड सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद, महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय बरनवाल, इरशाद आलम, सचिव पीयूष कुमार एवं दीप्ति शिखा हेरेंज उपस्थित थे।



## पुण्यतिथि पर भोग का वितरण

**रांची :** स्वर्गीय राजा राम यादव (उर्फ राजू यादव) के दोनों पुत्र आरव कुमार और कुश कुमार ने पिता की पुण्यतिथि पर चैती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में भोग लगाया । उनके पुत्र रोहित यादव द्वारा भोग लगाया गया एवं वितरण करवाया गया। जिसमें जीरा राइस, दाल ,आलू चना की सब्जी, पापड़ अचार सलाद वितरित किया गया। इस भोग वितरण में रोहित यादव, आरव कुमार कुश, संजय सिंह (लल्लू सिंह), अर्जुन सिंह, आकाश रजक, मोहित रजक, रवि सूर्य यश वर्मा यशवंत मोहित रजक रोहन सिंह करण सिंह आशीष रजक प्रिंस सिंह उपस्थित थे। करीब 2500 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।

## जयंत रंजन ने जिला मत्स्य पदाधिकारी के पद पर किया पदभार ग्रहण



**रांचीः** जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, रांची के पद पर जयंत रंजन ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। उन्हें अरुप कुमार चौधरी ने पदभार सौंपा। श्री चौधरी का स्थानांतरण रामगढ़ के जिला मत्स्य पदाधिकारी के पद पर किया गया है। अरुप कुमार चौधरी ने भी रामगढ़ के डीएफओ के पद पर पदभार ग्रहण किया।


**कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा**

आमंत्रण सूचना सं० 09/2024–25

पत्रांक 400/जि०प० दिनांक 06.08.2024

विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) के अन्तर्गत उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय खूँटी के पत्रांक 441/जि०यो० दिनांक 26.07.2024 के आलोक में जिलास्तरीय कार्यकारिणी समिति से स्वीकृत योजना खूँटी जिला के विभिन्न स्थानों में सोलर स्ट्रीट लाईट/हाई मास्ट लाईट के मरम्मति हेतु कुल 15 स्थानों में सोलर लाईट से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति की जानी है। जिसके आलोक में सोलर स्ट्रीट लाईट/हाई मास्ट लाईट के मरम्मति का आदेश प्राप्त है। विभिन्न शर्तो के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कम्पनि/प्रमाणित बिक्रेता/उनके अधिकृत बिक्रेता **दिनांक 14.08.2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक** निम्नांकित शर्तो के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को **14.08.2024 के अपराह्न 04:00 बजे** क्रय समिति के समक्ष कार्यालय जिला परिषद, खूँटी के सभा कक्ष में खोला जायेगा।

निविदा की शर्तें, उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी खूँटी जिला के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 331987 District(24-25)#D



**कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (रॉंची)**
पता– ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन – 835204 Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

पत्रांक :–NPB/NULM/SUSV/Vending zone/2024-25/02.... दिनांक :–

**आम सूचना**

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के तहत नगर पंचायत बुण्डू क्षेत्र अतर्गत शहरी फुटपाथ बिक्रेताओं के लिए नगर विक्रय समिति का गठन किया जाना है।

सभी शहरी फूटपाथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर विक्रय समिति गठन हेतु 12 सदस्यों (प्रतिनिधियों) का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाना है सदस्यों का आरक्षण निम्न प्रकार से है :–

| आरक्षण कोटी | पुरुष | स्त्री | कुल |
|---|---|---|---|
| अनारक्षित | 04 | 02 | 06 |
| पिछड़ा वर्ग | 00 | 01 | 01 |
| अनुसूचित जाति | 00 | 00 | 00 |
| अनुसूचित जनजाति | 04 | 01 | 05 |
| कुल | 08 | 04 | 12 |

चुनाव सबंधी विवरणी इस प्रकार है –

| कार्यवाही | तिथि | समय |
|---|---|---|
| नामांकन फार्म प्राप्त करने एवं नामांकन तिथि | 05–08–24 से 08–08–24 | कार्यालय अवधि |
| नामांकित पत्रों की जांच | 09–08–24 | कार्यालय अवधि |
| नामांकन वापसी की तिथि | 10–08–24 | कार्यालय अवधि |
| मतदान की तिथि | 12–08–24 | कार्यालय अवधि |
| मतगणना की तिथि | 13–08–24 | कार्यालय अवधि |
| चुनाव परिणाम की अधिसूचना जारी की तिथि | 14–08–24 | कार्यालय अवधि |

चुनाव स्थल – नगर पंचायत बुण्डू

नोट :– 1. नामांकन वापसी की तिथि के पश्चात सिर्फ 12 उम्मीदवार रहने पर उसी दिन परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।
2. इच्छुक फूटपाथ विक्रेता नामांकन दर्ज कराने हेतु अनारक्षित वर्ग को नगद 1000.00 रु०, पिछड़ा वर्ग को नगद 750.00 रु०, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग को नगद 500.00 रु० मात्र कार्यालय को समर्पित करना होगा। आरक्षण का लाभ लेने हेतु जाति प्रमाण पत्र एवं कोई एक पहचान पत्र कार्यालय को समर्पित करना आवश्यक है।
3. फुटपाथ विक्रेताओं की सूची एवं नियम शर्तें कार्यालय अवधि मे कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखि जा सकती है।

प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 332054 Urban Development(24-25)#D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## भंवर में बांग्लादेश

**बांग्लादेश** में कुछ महीनों से आरक्षण को लेकर छात्रों का असंतोष इतना व्यापक हो गया कि 15 बरसों देश की सत्ता संभालने वाली प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर भारत भागना पड़क्ष। अब बांग्लादेश में शासन सेना के हाथ में है। जनवरी 2024 में हसीना ने लगातार तीसरी बार जनादेश हासिल किया था लेकिन मुख्य विपक्षी दल ने चुनाव का बहिष्कार किया था। चुनावों में धांधली का आरोप लगाया था। इसलिएमाना जा रहा है कि चुनाव का बहिष्कार करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और कट्टर मुस्लिम संगठन जमायते इस्लामी परोक्ष रूप से छात्र असंतोष को हवा दे रहे थे। जाहिर है कि देश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने वाली ताकतों से हसीना सरकार को सख्ती से निपटना पड़ा। लेकिन यह सख्ती सरकार के लिएमहंगी साबित हुई। जनाक्रोश बढ़क्षा गया और शेख हसीना के पसंदीदा सेना प्रमुख जनरल वकार-उजा-जमां भी उनकी सरकार को बचा नहीं पाए। हसीना सरकार के पतन से यह मिथक भी टूट गया कि देश का आर्थिक विकास शासनाध्यक्ष की सत्ता को स्थिरता प्रदान करता है। वस्तुतः हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश आर्थिक विकास की पटरी पर तेजी से दौड़क्ष लगा रहा था। करीब पचास वर्ष पूर्व जाने-माने अमेरिकी समाज विज्ञानी प्रो. हंटिंगटन और नेल्स ने एक परिकल्पना प्रस्तुत की थी जो आज बांग्लादेश पर सही साबित हो रही है। इन विद्वानों का मत है कि विकासशील देशों में सामाजिक-आर्थिक समानता एवं जनसहभागिता के मध्य संघर्ष होता है। सामाजिक- आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों के बीच संतुलन कायम करने में हसीना विफल रहीं। विपक्षी दलों द्वारा आम चुनाव का बहिष्कार छात्रों के आरक्षण विरोधी आंदोलन को बलपूर्वक दबाना आदि सरकार के दमनकारी कृत्यों के कारण हसीना का पंद्रह वर्षों का शासन अचानक धराशायी हो गया। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि जनता 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के पक्ष और विपक्ष में बंट गई। हसीना का प्रदर्शनकारियों को रजाकर' कहने ने आग में घी का काम किया। रजाकर उन्हें कहा जाता है जो मुक्ति संघर्ष के विरोध में थे। हसीना के कामकाज की आलोचना की जा सकती है लेकिन वह सेक्युलर नेता थीं। विडंब्रना है कि देश की नई पीढ़ी मुक्ति संघर्ष का अपमान कर रही है।

## आरक्षण के उप-वर्गीकरण

**अनुसूचित** जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण में ही आरक्षण के उप-वर्गीकरण पर 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला सामाजिक न्याय के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। मंडल के बाद यह दूसरा ऐतिहासिक फैसला है। मील का पत्थर तभी साबित हो सकता है, जब क्रीमीलेयर वाला फैसला लागू किया जाएगा। आरक्षण में उप-वर्गीकरण का अधिकार राज्य सरकारों को दिया गया है। यह अभी तक राष्ट्रपति के पास ही सुरक्षित था। संसद में ही प्रस्ताव पारित कर, किसी भी जाति को, आरक्षण के दायरे में लाया जा सकता था अथवा जाति को आरक्षण से बाहर भी किया जा सकता था। बहरहाल वह अधिकार यथावत रहेगा, लेकिन एससी और एसटी अपने आरक्षण के कोटे में, दबी-कुचली, पिछड़ी, विपन्न जातियों का, उप-वर्गीकरण कर सकेंगे। फिलहाल दलित और आदिवासियों को शिक्षा और नौकरियों में क्रमशः 15 फीसदी और 7.5 फीसदी आरक्षण हासिल है। संविधान पीठ के दो कथन महत्वपूर्ण हैं। एक, एससी-एसटी के कोटे में कुछ जातियों का उप-वर्गीकरण करने से संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 341 का उल्लंघन नहीं होता। समानता का सिद्धांत यथावत रहेगा। दूसरे, आरक्षण एक पीढ़ी तक सीमित कर देना चाहिए। यदि पहली पीढ़ी आरक्षण का लाभ लेकर उच्च स्थिति तक पहुंच गई है, तो दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने एससी-एसटी पर भी, ओबीसी की तरह, क्रीमीलेयर लागू करने की बात कही है। यह विवादास्पद मुद्दा बन सकता है। आरक्षण के आधार पर जो दशकों से राजनीति करते आ रहे हैं अथवा आरक्षण के कारण ही राजस्थान की एक खास जाति में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आईएएस अफसर बनते रहे हैं, वे अपने हिस्से को बंटने क्यों देंगे? संविधान-निमार्ता बाबा अंबेडकर के पौत्र प्रकाश अंबेडकर ने संविधान पीठ के फैसले की आलोचना की है और इसे सामाजिक पूर्वाग्रह करार दिया है। उनकी आशंका है कि दलितों का कोटा कम होने लगेगा। बहरहाल संविधान पीठ ने कहा है कि सरकार को एससी-एसटी श्रेणी के बीच क्रीमीलेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर करने की नीति जरूर तैयार करनी चाहिए। यह अवधारणा भी स्पष्ट होनी चाहिए। ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण उनकी सालाना आय के आधार पर तय किया जाता है। क्रीमीलेयर की सीमा 8 लाख रुपए सालाना है। यानी करीब 67,000 रुपए महीना। यह वर्ग विपन्न कैसे हो सकता है? दूसरी ओर वे भारतीय भी हैं, जो 375 रुपए रोजाना कमाने में भी असमर्थ हैं। बेहतर होता कि क्रीमीलेयर पर भी न्यायिक फैसला सुनाया जाता। बहरहाल फैसले के जोखिम भी सामने आने लगे हैं। पर्याप्त संभावना है कि एससी-एसटी अब एक समूह नहीं रह जाएगा। उनके भीतर ही अलग-अलग वर्ग खड़े हो जाएंगे और फिर उनसे जुड़ी नई राजनीति उबलने लगेगी। केंद्र सरकार में ही एनडीए की सहयोगी लोजपा (रामविलास) ने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, ताकि एससी-एसटी वर्ग में भेदभाव न हो और वे कमजोर न पड़ें। चूंकि इसे राज्य लागू कर सकेंगे, लिहाजा यह सवाल मौजू है कि कब तक यह निर्णय लागू किया जा सकेगा। एससी-एसटी की गणना उपलब्ध है, लिहाजा जातीय जनगणना अनिवार्य नहीं है। राज्य सरकारें विशेषज्ञ-पैनल बना सकती हैं। वे शोध और डाटा के जरिए बताएंगे कि कौनसी जाति सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक तौर पर पिछड़ी है और उन्हें आरक्षण के दायरे में लाना बहुत जरूरी है। पीठ ने 2004 में ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र वाले मामले में दिए गए फैसले को रद्द कर दिया है। उस फैसले में कहा गया था कि राज्य सरकार तय आरक्षण में उप-वर्गीकरण नहीं बना सकती। ताजा फैसला पंजाब का है। दरअसल पंजाब सरकार ने 2006 में कानून बनाया था कि राज्य में एससी-एसटी आरक्षण में 50 फीसदी आरक्षण, पहली प्राथमिकता के तहत, वाल्मीकि और मजहबी सिखों को मिलेगा। पंजाब उच्च न्यायालय ने 2010 में इसे रद्द कर दिया था। उसके खिलाफ पंजाब सरकार सर्वोच्च अदालत पहुंची थी। इन तमाम संदर्भों में पीठ ने अलग-अलग अनुच्छेद की व्याख्या स्पष्ट की है और राज्यों के अधीन उप-वर्गीकरण का फैसला दिया है। डाटा के आधार पर यह कोटा बदलता रहेगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी एक वर्ग को 100 फीसदी आरक्षण न दे दिया जाए। राज्य सरकारें मर्जी से उप-वर्गीकरण नहीं बना सकतीं।

# रोजगार सृजन केंद्र सरकार की प्राथमिकता

उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण में राहत भी एक उचित कदम है भारत में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण दिया जाएगा और ब्याज में भी तीन प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कौशल विकास के तहत बजट में देश के 1000 आईटीआई के उन्नयन के लिए अगले 5 वर्षों में 30,000 करोड रुपये व्यय करने की योजना है। आईटीआई को बाजार की जरूरत के अनुसार कौशल हब के रूप में विकसित करने का सरकार की योजना है। सरकार का लक्ष्य 5 वर्ष में 20 लाख युवाओं के कौशल विकास का है। रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पीएम मुद्रा योजना के अंतर्गत तरुण श्रेणी में पंजीकृत उद्यमी बैंकों से अब 20 लाख तक का ऋण ले सकते हैं।

**डॉ. उमेश प्रताप सिंह**

**पिछले** 10 वर्ष में मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने की नीति पर कार्य किया है। सरकार का ध्येय वाक्य था "न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन"। स्पष्ट है कि सरकार जो कार्य करेगी और रोजगार पैदा करेगी दोनों ही दृष्टियों से उसके आकार में कमी आएगी। सरकार की सभी नीतियों और सुशासन का उद्देश्य निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में रोजगार पैदा करना और आर्थिक समृद्धि को तेज करना होगा। इसलिए सरकार राजकोषीय घाटे को कम करके बाजार से कम ऋण लेगी, जिससे की निजी क्षेत्र के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हो सके। आधारिक संरचना पर अधिक व्यय करके उसे मजबूत करने के लिए प्रयास करेगी जिससे कि निजी निवेश बढ़े। अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण एवं डिजिटलीकरण से सरकार अपनी दक्षता को बढ़ाएगी। साथ ही अर्थव्यवस्था में होने वाले हस्तक्षेप को कम करेगी जिससे कि इंस्पेक्टरराज, लालफीताशाही या नौकरशाही के हस्तक्षेप में कमी आए। कुल मिलाकर यह सरकार की शुरू से नीति रही है कि निजी क्षेत्र को बढ़ावा देकर आर्थिक समृद्धि को तेज किया जाए, जिससे अर्थव्यवस्था में रोजगार बढ़ेगा।

मोदी सरकार की एक खासियत है नीतिगत निरंतरता। पिछले 10 वर्ष में सरकार ने नीतियों की जो दिशा निर्धारित की है नए बजट में उसी को आगे बढ़ाया गया है। परंतु साथ ही सरकार ने उन मुद्दों को भी बजट में समाहित करने का प्रयास किया है जिसके कारण उसे चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। इसीलिए रोजगार के नए अवसरों के सृजन पर खास जोर दिया गया है। बजट 2024 में ऐसे नौ क्षेत्रों का उल्लेख किया गया है जिन पर आने वाले वर्षों में भी सरकार का फोकस रहेगा और जो भारत को विकसित देश की कतार में खड़ी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये क्षेत्र हैं - कृषि क्षेत्र, कौशल विकास, मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण एवं सेवाएं, बुनियादी ढांचा, शहरी विकास, नवाचार शोध एवं विकास, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सुधार। इन नौ क्षेत्रों से संबंधित ज्यादातर घोषणाएं रोजगार को बढ़ाने वाली है और युवाओं को केंद्र में रखकर के तैयार की गई है। इस वित्तीय वर्ष में भी सरकार ने बुनियादी ढांचे पर सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत व्यय रखा है जो कि लगभग 11.11 लाख करोड रुपये है। साथ ही राज्यों को 1.50 लाख करोड रुपये बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बिना ब्याज के देने की घोषणा की गई है। यह सरकार की नीतिगत निरंतरता को दर्शाती है। बुनियादी ढांचे पर निवेश बढ़ने से भी बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना रहती है। भारत में पर्यटन क्षेत्र की असीम संभावनाएं हैं बल्कि रोजगार सृजन के लिहाज से भी यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। बजट में पर्यटन के लिए ढाई हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

रोजगार वृद्धिः सरकार ने रोजगार बढ़ाने के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं की घोषणा की है जोकि विशेष रूप से निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित कर सकते हैं। बजट के अनुसार अगले दो से चार वर्षों में चार करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा, जिस पर 2 लाख करोड रुपये का व्यय होगा।पिछले कार्यकाल में, सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत बड़ी कंपनियों को सब्सिडी प्रदान की गई जोकि उत्पादन के स्तर से जुड़ी थी। भारत जैसे श्रम-अधिशेष देश में पीएलआई ने रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाई। पीएलआई से कंपनियों के लिए श्रम को मशीनरी से बदलना और सब्सिडी लाभ लेना ही मुख्य रहा। इस बजट की बड़ी प्राथमिकता रोजगार और कौशल विकास है। इन योजनाओं में सरकार पहली बार कर्मचारियों और उनके नियोक्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। यह पीएलआई से "इम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव" या ईएलआई में बदलाव है। बजट में रोजगार पैदा करने के लिए सरकार निजी क्षेत्र को मदद देगी। प्रधानमंत्री रोजगार और कौशल प्रशिक्षण पैकेज के तहत निजी कंपनियों के लिए तीन तरह के प्रोत्साहन के घोषणा की गई है। पहला, निजी कंपनी में पहली बार नौकरी पाने वाले युवा को पहले महीने का वेतन का भुगतान सरकार करेगी यदि वेतन प्रति माह एक लाख रुपये से कम है। इसमें प्रति युवा अधिकतम सहायता राशि 15000 निर्धारित की गई है। या रकम सीधे संबंधित व्यक्ति के खाते में जाएगी और तीन किस्तों में दी जाएगी। दूसरा, 1 वर्ष में 50 या उससे अधिक नौकरी सृजित करने वाले प्रतिष्ठानों में पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं के वेतन का एक हिस्सा सरकार देगी। पहले और दूसरे वर्ष में वेतन का 24 प्रतिशत, तीसरे वर्ष में 16 और चौथे वर्ष में 8 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जाएगी । यह राशि नियोक्ता और कर्मचारियों के बीच बराबर-बराबर बांट दी जाएगी। तीसरा, ईपीएफओ में अंशदान करने वाले नियोक्ताओं को विनिर्माण क्षेत्र में नई नौकरी सृजित करने पर सरकार सहायता देगी। ईपीएफओ में नियोक्ता और कर्मचारियों की राशि के एक हिस्से का भुगतान सरकार करेगी यदि नौकरी पाने वाला युवा पहले ईपीएफओ में शामिल न हुआ हो और वेतन प्रतिमाह एक लाख रुपये से कम हो। युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए सरकार की एक और योजना महत्वपूर्ण है। देश की शीर्ष 500 कंपनियों में उन्हें पढ़ाई के तुरंत बाद इंटर्नशिप का एक मौका मिलेगा। इसके अंतर्गत 5 वर्ष में एक करोड़ युवाओं के लिए प्रशिक्षण की योजना है जिसमें 21 से 24 साल की युवा आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान 12 महीने के प्रशिक्षण के साथ ही प्रतिमाह ?5000 का भत्ता मिलेगा। इस दौरान ?6000 की एकमुश्त मदद अलग से मिलेगी। इस दौरान इंटर्नशिप व प्रशिक्षण लागत पर होने वाले कुल व्यय का 10 प्रतिशत कंपनियां अपने सीएसआर फंड से व्यय करेंगी। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में छात्रों के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य है। लक्ष्य यह है कि स्नातक के बाद छात्रों के पास कुछ रोजगारपरक कौशल का विकास हो। इस तरह की पहल शैक्षणिक संस्थाओं और उद्योगों के बीच संबंध मजबूत करने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। परंतु इस योजना की सफलता कंपनियों की रुचि और सहयोग पर निर्भर करेगा। उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण में राहत भी एक उचित कदम है भारत में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण दिया जाएगा और ब्याज में भी तीन प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कौशल विकास के तहत बजट में देश के 1000 आईटीआई के उन्नयन के लिए अगले 5 वर्षों में 30,000 करोड रुपये व्यय करने की योजना है। आईटीआई को बाजार की जरूरत के अनुसार कौशल हब के रूप में विकसित करने का सरकार की योजना है। सरकार का लक्ष्य 5 वर्ष में 20 लाख युवाओं के कौशल विकास का है। रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पीएम मुद्रा योजना के अंतर्गत तरुण श्रेणी में पंजीकृत उद्यमी बैंकों से अब ?20 लाख तक का ऋण ले सकते हैं। पहले इसके अंतर्गत सिर्फ 10 लाख रुपये तक का ही ऋण लेने का प्रावधान था। पिछले 8 वर्षों में इस योजना के अंतर्गत लगभग 41 करोड़ लोगों को लाभ दिया गया है। महिलाओं की श्रम शक्ति में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से कामकाजी महिला छात्रावास की स्थापना और उद्योग के सहयोग से क्रेच की स्थापना भी एक सराहनीय पहल है।

# भारत की आर्थिक प्रगति से जल-भुन रहे कई देश

भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने हेतु कुछ देशों द्वारा भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। भारत में अशांति फैलाकर ये देश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भारत में आने से रोकने के प्रयास कर रहे हैं ताकि विदेशी कम्पनियां भारत में विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हत्तोत्साहित हों और देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल रूप धारण कर ले। इस प्रकार के माहौल में आज भारत के आम नागरिकों में देश प्रेम का भाव जगाने की सबसे अधिक आवश्यकता है एवं विभिन्न समाजों एवं मत पंथ को मानने वाले नागरिकों के बीच आपस में भाई चारा स्थापित करने की भी महती आवश्यकता है।

**प्रहलाद सबनानी**

**भारत** की लगातार तेज हो रही आर्थिक प्रगति पर विश्व के कुछ देश अब ईर्ष्या करने लगे हैं एवं उन्हें यह आभास हो रहा है कि आगे आने वाले समय में इससे उनके अपने आर्थिक हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इस सूची में सबसे ऊपर चीन का नाम उभर कर सामने आ रहा है। और फिर, चीन की अपनी आर्थिक प्रगति धीमी भी होती जा रही है। दूसरे, विश्व को भी आज यह आभास होने लगा है कि विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन के मामले में केवल चीन पर निर्भर रहना बहुत जोखिम भरा कार्य है। इसका अनुभव विशेष रूप से विकसित देशों ने कोरोना महामारी के बाद से वितरण चैन में आई भारी परेशानी से किया है, जिसके चलते इन देशों में मुद्रा स्फीति की समस्या आज भी पूरे तौर पर नियंत्रण में नहीं आ पाई है। साथ ही, चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते उसके अपने किसी भी पड़ौसी देश से (पाकिस्तान को छोड़कर) अच्छे सम्बंध नहीं हैं। अतः कई देश अब यह सोचने पर मजबूर हुए हैं कि चीन+1 की नीति का अनुपालन ही उनके हित में होगा। अर्थात, यदि किसी उद्योगपति ने चीन में अपनी एक विनिर्माण इकाई स्थापित की है तो आवश्यकता पड़ने पर उसके द्वारा अब दूसरी विनिर्माण इकाई चीन में स्थापित न करते हुए इसे अब किसी अन्य देश में स्थापित किया जाना चाहिए। यह दूसरा देश भारत भी हो सकता क्योंकि भारत अब न केवल ईज आफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में अतुलनीय सुधार करता हुआ दिखाई दे रहा है बल्कि भारत में बुनियादी ढांचा के विस्तार में भी अतुलनीय प्रगति दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू की गई कई नीतियों के चलते भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही गया है और अब यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थ के कई क्षेत्रों में तो भारत विश्व में प्रथम पायदान पर आ भी चुका है। इससे अब चीन के साथ अमेरिका को भी आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अपने प्रभाव में कमी आने की चिंता सताने लगी है। अतः विश्व के कई देशों में अब भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर ईर्ष्या की भावना विकसित होती दिखाई दे रही है। इस ईर्ष्या की भावना के कारण वे भारत के लिए कई प्रकार की समस्याएं खड़ी करने का प्रयास करते दिखाई देने लगे हैं। यह समस्याएं केवल आर्थिक क्षेत्र में खड़ी नहीं की जा रही हैं बल्कि सामाजिक, राजनैतिक एवं आध्यात्मिक आदि क्षेत्रों में भी खड़ी करने के प्रयास हो रहे हैं। सबसे पहिले तो कुछ देश प्रयास कर रहे हैं कि भारत में किस प्रकार सामाजिक अशांति फैलाई जाए। इसके लिए भारत की कुटुंब प्रणाली को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। देश में विभिन्न टी वी चैनल पर इस प्रकार के सीरियल दिखाए जा रहे हैं जिससे परिवार के विभिन्न सदस्यों के बीच आपस में छोटी छोटी बातों में लड़ने को बढ़ावा मिल रहा है। इन सीरियल में सास को बहू से, ननद को देवरानी से, छोटी बहिन को बड़ी बहिन से, एक पड़ौसी को दूसरे पड़ौसी से, संघर्ष करते हुए दिखाया जा रहा है। इन सीरियल के माध्यम से भारत में भी पूंजीवाद की तर्ज पर व्यक्तिवाद को हावी होते हुए दिखाया जा रहा है। जबकि भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति हमें संयुक्त परिवार में आपस में मिलजुल कर रहना सिखाती है, त्याग एवं तपस्या की भावना जागृत करती है एवं परिवार के छोटे सदस्यों द्वारा अपने बड़े सदस्यों का आदर करना सिखाती है। इसके ठीक विपरीत पश्चिमी सभ्यता के अंतर्गत संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं वे तो व्यक्तिगत स्तर पर केवल अपने आर्थिक हित साधते हुए नजर आते है। पश्चिमी देशों के इन प्रयासों से आज कुछ हद्द तक भारतीय समाज भी पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित होता हुआ दिखाई देने लगा है। आज विकसित देशों के परिवारों में बेटे के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात वह परिवार से अलग होकर अपना परिवार बसा लेता है। अपने बूढ़े माता पिता की देखभाल भी नहीं कर पाता है। इसके चलते इन देशों में सरकारों को अपने प्रौढ़ वर्ग के नागरिकों के देखरेख करनी होती है और इनके लिए सरकार के स्तर पर कई योजनाएं चलानी पड़ती है। आज इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या के लगातार बढ़ते जाने से सरकार के बजट पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि भारत में संयुक्त परिवार की प्रथा के कारण ही इस प्रकार की कोई समस्या दिखाई नहीं दे रही है। अतः पश्चिमी देशों द्वारा भारत की कुटुंब प्रणाली को अपनाए जाने के स्थान पर इसे भारत में भी नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरे, कई देश अब भारत में सामाजिक समरसता के तानेबाने को भी विपरीत रूप से प्रभावित करने के प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से हिंदू समाज में विभिन्न मत, पंथ मानने वाले नागरिकों को आपस में लड़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि इन्हें आपस में बांटा जा सके और भारत में अशांति फैलायी जा सके तथा जिससे देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित हो सके। भारत के इतिहास पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि भारत में जब जब सामाजिक समरसता का अभाव दिखाई दिया है तब तब विदेशी आक्रांताओं एवं अंग्रेजों को भारत में अपना शासन स्थापित करने में आसानी हुई है। उन्होंने ह्लबांटो एवं राज करोह्व की नीति के अनुपालन से ही भारत के कुछ भू भाग पर अपनी सत्ता स्थापित की थी। अब एक बार पुनः इसी आजमाए हुए नुस्खे को पुनः आजमाने का प्रयास किया जा रहा है। चाहे वह जातिगत जनगणना करने के नाम पर हो अथवा समाज के विभिन्न वर्गों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर किये जाने वाले आंदोलनों की बात हो।

# सत्य को जानना

**ओशो**

## चिंतन-मनन

**धर्म** प्रेम की अंतिम पराकाष्ठा है । प्रेम जैसे फूल है, धर्म प्रेम के फूल की सुवास है। इसलिए धर्म अदृश्य है। दृश्य तो होते हैं बुद्ध, कृष्ण, कबीर, नानक ये फूल हैं। इनके आसपास सुगंध की तरह जो व्याप्त होता है, वह धर्म है। जो बुद्धि से सोचते चलते हैं, उन्हें वह दिखाई नहीं पड़ता। वह दिखाई पड़ने वाली बात नहीं, मुी में आ जाए ऐसा तथ्य नहीं, शब्दों में समा जाए ऐसा अनुभव नहीं, लेकिन जो हृदय को खोल देते हैं। किसी सद्गुरु के समक्ष, किसी सत्संग में, वे जान पाते हैं कि धर्म क्या है। हमारी समस्या यह है कि हम बुद्धि के आदि हो गए हैं इसलिए प्रेम से परिचय बनाना हमारे लिए मुश्किल हो गया है। बुद्धि ज्यादा से ज्यादा काम से संबंध बना पाती है। काम एक शारीरिक जरूरत है। काम बहुत स्थूल है, स्थूल देह को उस पोषण की जरूरत है, लेकिन प्रेम बहुत सूक्ष्म है और धर्म तो आत्यंतिक है। जब तुम्हारे भीतर परमात्मा जगता है, तो तुम्हारे आसपास जो आभा विकीर्णित होती है, उसका नाम धर्म है। धर्म का अर्थ हिंदू नहीं, मुसलमान नहीं, ईसाई नहीं, जैन नहीं, सिख नहीं। नानक के पास जो गंध थी, उसका नाम धर्म है। सिख धर्म नहीं है। वह तो सिर्फ उस गंध के संबंध में है। महावीर के पास जो गंध थी, वह जिनत्व की थी। जैन धर्म तो पंडितों द्वारा निर्धारित सिद्धांत, शास्त्र में आबद्ध व्याख्या है। जैसे तुमने फूल सूंघा और फिर किसी को तुम बताने लगे कि कैसी गंध थी। क्या बताओगे फूल की गंध का किन शब्दों में वर्णन करोगे। समुद्र की उत्ताल तरंगों का, हवाओं की ताजगी का कैसे वर्णन करोगे। धर्म तो कभी-कभी अवतरित होता है, जिसने सत्य को जाना हो, उसके सानिध्य में, जिसने सत्य को अनुभव किया हो, उसके पास बैठ जाने में, उसकी निकटता में। धर्म सत्संग की अनुभूति है। मानक के पास बैठने का, बुद्ध के पास संगत करने का जिन लोगों को मौका मिला होगा उन्होंने धर्म को अनुभव किया होगा। उन्होंने बाद के लोगों के लिए अपने अनुभवों को शब्दों में आबद्ध किया, शास्त्र बनाए। किंतु उन शास्त्रों में कागजों की गंध आती है, स्याही की गंध आती है, बुद्ध की नहीं। सद्गुरुके प्रेम में जो स्वाद आता है, उसका नाम धर्म है। जिस क्षण बुद्ध के पास सारिपुत्र झुका, वहां था धर्म। जिस क्षण मोहम्मद के पास अली बैठा, वहां था धर्म। जिस क्षण जीजस ने एक सुबह झील पर मछली मारते हुए एक युवक के कंधे पर हाथ रखा, युवक ने पलट कर देखा और जीजस ने कहा, कब तक मछलियां मारते रहोगे।

## आपके पत्र

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती

**एक** अगस्त से नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती की जा रही है। इस दिन से अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुमार्ना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन ने इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए, स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया और स्कूलों ने विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे हैं कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाती बार हैल्मेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए जरूर करना चाहिए, न कि चालान के डर से।

**आरसी चौधरी**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# रंगीन मतदाता पहचान पत्र सुनिश्चित कराने की दिशा में करें काम: आयुक्त

**पलामू:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत पुनरीक्षण गतिविधियां निर्धारित समय सीमा के अंदर संपादित किया जाना आवश्यक है। आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किये जाने से आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणाम सामने आएंगे। एक भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे, इसका ख्याल रखते हुए मतदाताओं द्वारा प्राप्त आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही सभी मतदाताओं का फोटोयुक्त रंगीन मतदाता पहचान पत्र निर्गत किये जाने की दिशा में कार्य करें। उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त -सह- मतदाता सूची प्रेक्षक बाल किशुन मुंडा ने कही। वे मंगलवार को पलामू के समाहरणालय सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं विभिन्न



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पलामू जिले के डालटनगंज, पांकी, छतरपुर, हुसैनाबाद एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों एवं अबतक किये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदाताओं द्वारा प्राप्त आवेदनों का समयबद्धता के साथ निष्पादन करने का निदेश दिया। उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, पुराने लेमिनेटेड-ब्लैक एंड ह्वाइट मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण, मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मतदान केंद्र जागरूकता समूह (बैग-बूथ लेबल अवेयरनेस ग्रुप) बनाते हुए निर्वाचन कार्य संबंधी कार्यों के लिए जागरूकता लाने का निदेश दिया। वहीं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं त्रुटियों को सुधारने संबंधी कार्रवाई ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम विलोपन पर विशेष ध्यान रखने का भी निदेश दिया। निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को मतदाता सूची में नाम निबंधन, विलोपन एवं संशोधन हेतु प्रपत्र 6, 6 क, 7 एवं 8 में प्राप्त दावा-आपत्ति संबंधी प्रपत्रों के निष्पादन की गति को बढ़ाते हुए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप निष्पादन का निदेश दिया। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग की अपील करते हुए बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) को नामित करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की दिशा में पहल करने की अपील की। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिए गए। इस दिशा में पदाधिकारियों को नियमानुकूल कार्य करने का निदेश दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा एसटी मोर्चा ने निकाली महा आक्रोश रैली

**साहिबगंज/बोरियो:** भाजपा एसटी मोर्चा के बैनर तले मगंलवार को महा आक्रोश रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सलखू सोरेन,वरण किस्कू और अनिता सोरेन के द्वारा किया गया। इस रैली में सैकड़ों आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए,रैली में शामिल लोगों ने नारा लगाते हुए कहा कि घुसपैठी बंद किया करो, आदिवासी जमीन को हड़पना बंद हो,आदि का नारा लगाया। एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सलखु सोरेन ने एवं वरण किस्कू ने बताया कि महेशपुर के गाय बथान गांव में आदिवासी परिवारों के साथ हुए अन्याय को लेकर वर्तमान हेमन्त सरकार को कारवाई करनी चाहिए थी।उल्टे केकेएम कॉलेज के आदिवासी हॉस्टल में घुस कर पुलिस वालों ने मारपीट किया। जिससे दिखता है कि इस सरकार में तानाशाही किस प्रकार है।और किस तरह एक खास वर्ग को बचाया जा रहा है। इस मौके पर मरांग मरांडी, सकल मुर्मू,भुनेश्वर तुरी,मनोज रूज,मनीष ठाकुर,सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे।

### चोरी के तीन आईफोन व एक एंड्राइड मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार



**साहिबगंज/तालझारी :**तालझारी थाना पुलिस ने बिते रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर चोरी के मोबाइल के मोबाइल के साथ एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी तालझारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने दिया। उन्होंने बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी। कि स्कूटी पर सवार हो दो युवक चोरी का मोबाइल लेकर तालझारी कि ओर जा रहा है। वही सुचना के आलोक में तालझारी थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया। वहीं छापेमारी के दौरान थाना के क्षेत्र के दुधकोल गांव के समीप तीनपहाड़ निवासी राजा अंसारी को गिरफ्तार किया गया। वहीं एक युवक अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।जिसके बाद उसको थाना लाया गया जहां तलाशी लेने पर तीन आईफोन व एक मोटरोला का एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया है। साथ ही कहा कि पुछताछ में उन्होंने अपने सहयोगी रेहान अंसारी , मो. अजहरुद्दीन उर्फ.चिकना तिनपहाड नीचे टोला थाना तीनपहाड निवासी व बादल महाराजपुर निवासी बताया है। साथ ही कहा कि रेहान अंसारी भागने में सफल रहा है। साथ ही कहा कि राजा के पास बरामद मोबाइल का कोई कागजात नहीं था। युवक ने बताया कि चारो चोरी की मोबाइल है जिसे बेचने वह तीनपहाड़ जा रहा थे। कहा इस संबंध में थाना कांड संख्या 52/24 मामला दर्ज कर युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के अलावे, एसआई कन्हैया प्रसाद साह, एएसआई मनोज अजाद व पुलिस बल शामिल थे।

### बाल श्रमिक को कराया श्रम मुक्त



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत श्रम इंस्पेक्टर ग्रीस चंद्र के नेतृत्व में मंथन संस्था एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के सहयोग से सदर प्रखंड अंतर्गत एक बाल श्रमिक बच्चे को श्रम मुक्त कराया गया।मंगलवार को धावा दल टीम गठित कर साहिबगंज के पश्चिमी फाटक में समीप छापेमारी अभियान चलाया गया।उसी दौरान मुख पथ पर मौजूद जसीम गेराज में मोटरसाइकिल रिपेरिंग करते एक बाल श्रमिक को जिरवाबाड़ी पुलिस की मद्द से पकड़ा गया।गैराज वाले ने ढाबा दल टीम को देखकर भागने का कोशिश किया लेकिन वह असफल रहे। जिसके बाद रेस्क्यू किए गए सभी बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद बच्चों के माता/ पिता को सूचित कर बाल कल्याण समिति के समक्ष बुलाया गया और बांड भरवा कर उन्हें बच्चों को सुपुर्द कर दिया गया। वही मौके पर शिव प्रसाद ओझा,संजीव कुमार,नवीन कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### सुचारू रूप से चलाएं वाहन जांच अभियान: एसडीपीओ



**साहिबगंज:** अनुमंडलीय कार्यालय में मंगलवार को एसडीपीओ कक्ष में अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसडीपीओ किशोर तिर्की ने की उन्होंने आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। उन्होंने असमाजिक तत्वों को चिन्हित करनेशांति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने,गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों व बाजारों में मटरगस्ती करने वालों सख्ती से निपटने, हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, चोरी की घटना में पूर्व में संलिप्त रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखने, थाना में लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, शराब, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी रूपक सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह व अन्य मौजूद थे।

## दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर का आयोजन




**साहिबगंज:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर व प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक प्रखण्डों में दिव्यांग बच्चों की जाँच के लिए सरकार द्वारा विशेष जाँच शिविर लगाया गया है।शिविर में वैसे बच्चे जो शारीरिक अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग है उनका मेडिकल जाँच करने के उपरांत दिव्यांगता का सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए जिले के प्रत्येक प्रखण्डों में 3 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक विशेष चेकअप शिविर लगाया जा रहा है।जिसमें मेडिकल बोर्ड के द्वारा जाँच कर सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि चिन्हित बच्चें जो दिव्यांग है। उन्हें उनके अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने की अनुशंसा सरकार से की जाएगी।उन्होंने बताया कि प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने सभी स्टैक होल्डर और पारा विधिक स्वंय सेवकों को निर्देश दिया है। की जिले का एक भी दिव्यांग जांच से वंचित नहीं रहना चाहिए । जिनके पास दिव्यांगता का सर्टिफिकेट नहीं है।जिस कारण उन्हें सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन सभी बच्चों का सर्टिफिकेट बनने के बाद उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा की यह कैम्प दिव्यांग व्यक्तियों को सुविधा प्रदान करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने में मदद करेगा।प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने जिले के आम नागरिकों से भी आग्रह किया है की ऐसे कोई भी दिव्यांग आपकी जानकारी में हों तो उन्हें नजदीक के दिव्यांग जाँच शिविर में पहुँचाने या पीएलवी को सूचित करें ताकि उनका दिव्यांग सर्टिफिकेट और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके ।

## शिविर के चौथे दिन आये 2159 आवेदन ,155 की हुई ऑनलाइन इंट्री



**जामा:** प्रखंड में आयोजित मुख्यमंत्री मइँया सम्मान योजना के तहत पंचायत स्तरीय शिविर के मंगलवार को चौथे दिन सभी पंचायतों में योग्य लाभुको से कुल 2159 आवेदन प्रपत्र प्राप्त किये गये। जिसमें कुल 155 आवदेन का ऑनलाइन इंट्री किया गया। चौथे दिन सर्वर की स्थिति में थोड़ा सुधार आने से ऑनलाइन इंट्री की संख्या बढ़ी है। कैंप में आवेदन प्रपत्र की प्राप्ति और ऑनलाइन इंट्री कराने के लिए सभी पंचायत भवन में पंचायत सचिव के निगरानी में आंगनबाड़ी सेविका, स्कूली शिक्षक, प्रज्ञा केंद्र संचालक एवं अन्य कर्मियों को लगाया गया है। बीडीओ डॉ. विवेक किशोर ने बताया कि सर्वर अब ठीक काम कर रहा है। सभी लाभुकों का ऑन लाइन इंट्री कराया जायेगा। इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता सहित सभी पंचायत के मुखिया, प्रतिनियुक्त कर्मी व पर्यवेक्षक मौजूद थे ।




## शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**साहिबगंज:** जिले के अनुमंडलीय पुस्तकालय में पीएम विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।उक्त समापन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश के द्वारा सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर चर्चा किया गया।इस हेतु पदाधिकारी के द्वारा शिक्षकों को उत्साहित करते हुए बताया कि जब एक शिक्षक प्रशिक्षित होता है तो हजारों बच्चों को प्रेरित करता है एवं वही बच्चे एक दिन देश का नाम रोशन करता है।बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सामान्य वातावरण प्रदान कीजिए ताकि बच्चे ड्रॉप आउट नहीं हो, प्रोजेक्ट रेल एवं प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत बच्चों को शिक्षा दीजिए। इस प्रशिक्षण के अंतिम क्षण में सभी शिक्षकों को सर्टिफिकेट दिया गया। सर्वश्रेष्ठ को पुरस्कृत भी किया गया।मौके पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार,सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एनिमा सिंह,क्षेत्र प्रबंधक जयंत कुमार एवं मास्टर ट्रेनर समेत पीएम विद्यालय के शिक्षक गण।

## एसकेएमयू ने मनोनीत किया 15 संबद्ध कॉलेजों के लिए विवि प्रतिनिधि

**दुमका:** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने 15 संबद्ध कॉलेजों के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों का मनोनयन कर दिया। उक्त कॉलेजों में एएन कॉलेज दुमका, शिकारीपाड़ा कॉलेज, भागवत झा आजाद कॉलेज कुंडहित, डिग्री कॉलेज नाला, जामताड़ा संध्या महिला कॉलेज, डॉ जेएम कॉलेज जसीडीह, महिला कॉलेज गोड्डा, बीएसए कॉलेज बरहरवा, एसबीएसएसपीएसजे कॉलेज पथरगामा, बीएलएनएल बोहरा कॉलेज राजमहल, मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज रानीश्वर, जेजे डिग्री कॉलेज मिहिजाम, संत जेवियर्स कॉलेज दुमका, एमएकेए डिग्री कॉलेज गोड्डा एवं एसएसजेजे डिग्री कॉलेज बोरियो शामिल हैं। सभी मनोनीत प्रतिनिधि संबंधित कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे। इस संबंध में कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

किस कॉलेज का विश्वविद्यालय प्रतिनिधि किसे बनाया गया है:

1. एएन कॉलेज दुमका - डॉ अजय कुमार सिन्हा, सहयाक प्रध्यापक, स्नातकोतर राजनीति विभाग एवं विवि के जन सुचना पदाधिकारी.
2. शिकारीपाड़ा कॉलेज- डॉ सुमित्रा हेम्ब्रोम, सहयाक प्रध्यापक, एसपी कॉलेज दुमका.
3. भगवत झा आजाद कॉलेज कुंडहित- डॉ सुचिता कुमारी, प्रभारी प्रचार्या, आरडीबीएम कॉलेज, देवघर
4. डिग्री कॉलेज नाला-डॉ अजय खालको, सहायक प्राध्यापक, जामताड़ा कॉलेज
5. जामताड़ा संध्या महिला कॉलेज- डॉ कौशल कुमार, प्रभारी प्रचार्य, जामताड़ा कॉलेज
6. डॉ जेएम कॉलेज जसीडिह-डॉ रणजीत कुमार झा, सहायक प्राध्यापक, देवघर कॉलेज
7. महिला कॉलेज गोड्डा-संजोय प्रियंवद, सहायक प्राध्यापक, गोड्डा कॉलेज
8. बीएसए कॉलेज बरहरवा-डॉ एस पी लोहरा, सहायक प्राध्यापक, के के एम कॉलेज पाकुड़
9. एसबीएसएसपीएसजे कॉलेज पथरगामा-डॉ राहुल संतोष, प्रभारी प्रचार्य, मॉडल कॉलेज महगामा
10. बीएलएनएल बोहरा कॉलेज राजमहल-डॉ रणजीत कुमार सिंह, प्रभारी प्रचार्य, मॉडल कॉलेज राजमहल
11. मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज रानीश्वर-डॉ राजेश कुमार यादव, प्रभारी विभागाध्यक्ष,स्नातकोतर भोतिकी विभाग
12. जेजे डिग्री कॉलेज मिहिजाम-डॉ महादेव चन्द्र यादव, सहायक प्राध्यापक, जामताड़ा कॉलेज
13. सेंट जेवियर्स कॉलेज दुमका-डॉ सुजीत सोरेन, प्रभारी विभागाध्यक्ष,स्नातकोतर समाजशास्त्र विभाग
14. एमएकेए डिग्री कॉलेज गोड्डा- डॉ रंजन कुमार,सहायक प्राध्यापक, गोड्डा कॉलेज गोड्डा
15. एसएसजेजे डिग्री कॉलेज बोरियो-डॉ प्रमोद दास, सहायक प्राध्यापक, साहेबगंज कॉलेज साहेबगंज

## दुर्गापूजा समिति कोटाल पोखर में दशमी को होगा भक्ति जागरण

**साहिबगंज/कोटालपोखर:** सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति कोटाल पोखर थाना रोड प्रांगण में 2024 में भव्य आयोजन को लेकर आवश्यक बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष साजन कुमार साह ने की बैठक में पूजा समिति के उपाध्यक्ष विनोद कुमार भगत,ऋषभ सिंह,मनोज कुमार साह,दुर्गेश साह सोनू भगत राजीव कुमार गुप्ता महासचिव संयुक्त सचिव प्रणव कुमार साह पीयूष मिश्रा,जयंत कुमार टार्जन कोषाध्यक्ष पूजा प्रभारी पंकज गुप्ता रितेश भगत शंकर साह कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार साह मेला प्रभारी के अलावा जितेंद्र सिंह,विकास भगत,हेमंत साह,प्रमोद गुप्ता,पिंटू साह,निखिल




सिंह उपस्थित थे।वही अनुपस्थित रहे पदाधिकारियों एवं सदस्यों को लेकर खेद प्रकट किया गया हैं'बैठक में विभिन्न बिन्दुओं को लेकर चर्चा किया गया.जिसमें ब्राह्मण,पुरोहित से जुड़े सभी विषयों पर चर्चा किया गया. मंदिर,पूजा एवं स्टेज कार्यक्रम से जुड़े सभी विषयों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई.पंडाल, लाइट साउंड सजावट एवं शोभा आकर्षण भव्य तरीके से की जाएगी.विधि व्यवस्था को लेकर युवाओं को बतौर वोलेनटियर नियुक्त किये जायेंगे। इसके अलावा श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति,कोटाल पोखर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से जुड़े कर्तव्य एवं दायित्व से जुड़े सभी विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। सर्वसम्मति से लिए गए प्रस्ताव: प्रथम पूजा-कलश शोभा यात्रा, तृतीया पूजा से सप्तमी तक-विषहरी का कार्यक्रम,अष्टमी-सांस्कृतिक कार्यक्रम,नवमी-डांडिया का कार्यक्रम,दशमी-जागरण का कार्यक्रम.वहीं नए सदस्यों पर सहमति जताई गई। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, कोटाल पोखर,थाना रोड के नाम पर बने व्हाट्सएप ग्रुप में जितने भी लोगों का मोबाइल नंबर 05 अगस्त 2024 तक पूजा समिति के द्वारा जोड़ा गया हैं,वे सभी पूजा समिति के सदस्य समझे जाएंगे। इधर पूजा समिति के अध्यक्ष साजन कुमार साह ने बताया की इसबार दुगार्पूजा शानदार और भव्य तरिके से सम्पन्न कराये जायेंगे इसके लिए सभी को एकजुट होकर सहयोग करना होगा। भक्ति जागरण का कार्यक्रम होना है। इसके लिए भी तैयारी की जा रही है।

## फाइनल में जगह बनाने के बाद नीरज ने कहा, अच्छा चलता हूं.




**पेरिसः** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अपनी जगह पक्की कर ली है। मुकाबले में उन्होंने पहले प्रयास में 89.34 का थ्रो फेंका। इसके साथ ही उन्होंने फाइनल में अपनी जगह बना ली है। नीरज का यह इस सीजन का बेस्ट थ्रो है। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में थ्रो 87.58 दूरी पर फेंका था। आपकी जानकारी के लिए बता दें, नीरज के बाद पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी फाइनल में जगह पक्की कर ली है। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 86.59 थ्रो किया है। वहीं भारत के युवा भाला फेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना फाइनल में प्रवेश करने से चूक गए। वहीं फाइनल में प्रवेश करने के बाद नीरज चोपड़ा ने प्रेस से बात करते हुए कहा कि वो स्वर्ण पदक को जीतने के लिए पूरी तरफ से तैयार हैं। अभी उन्हें आराम की जरूरत है। इस लिए वह प्रेस के लोगों से अधिक बात नहीं करेंगे। फाइनल मैच में अपनी जगह पक्की करने के बाद नीरज चोपड़ा ने प्रेस से बात करते हुए कहा, मैं फाइनल के लिए तैयार हूं। मैं अपने पहले प्रयास में सफल रहा। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला। मैं पूरी तरह फिट हूं और चोट से अच्छी तरह उबर चुका हूं। इसलिए मैंने इस साल कई टूर्नामेंट नहीं खेले। मैं फिर गोल्ड जीतने के लिए तैयार हूं। मुझे अभी आराम की जरूरत है। ठीक है तो मैं चलता हूं। नीरज पेरिस में इतिहास रचने से महज एक कदम दूर हैं। नीरज अगर गोल्ड हासिल करने में कामयाब हो गए तो ओलंपिक में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवें पुरुष जेवलिन थ्रोअर बन जाएंगे। ओलंपिक में यह कारनामा अब तक एरिक लेमिंग (स्वीडन, 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड, 1920 और 1924), जान जेलेंजी (चेक गणराज्य, 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे, 2004 और 2008) ने अंजाम दिया है। नीरज गोल्ड जीतने पर एक और उपलब्ध हासिल कर सकते हैं।

# अविनाश साबले ने रचा इतिहास फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय

### 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा हीट में पांचवें स्थान के साथ फाइनल के लिए किया क्वॉलिफाई



**पेरिसः** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पेरिस ओलंपिक में यहां पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा हीट में पांचवें स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वॉलिफाई किया। वह इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले भारत के पहले एथलीट बन गए हैं। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी साबले ने दूसरी हीट में आठ मिनट 15:43 समय के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। तीन हीट के शीर्ष पांच स्थान पर रहने धावकों ने फाइनल का टिकट कटाया। साबले की हीट में मोरोक्को के मोहम्मद तिंडौफत ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 10 l62 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा का फाइनल भारतीय समयानुसार सात और आठ अगस्त को होगा। क्वॉलिफिकेशन में उन्होंने हालांकि अपना पूरा जोर नहीं लगाया और सिर्फ फाइनल में जगह पक्की करने पर ध्यान दिया। वह 2000 मीटर की दूरी को पांच मिनट 28 l7 सेकंड में पूरी करने के बाद तीसरे स्थान पर थे। वह इसके बाद पांचवें स्थान पर खिसक गए, लेकिन उन्होंने छठे स्थान पर काबिज अमरीका के मैथ्यू विलकिनसन पर बढ़त बनाने के कारण आहखरी पलों में ज्यादा जोर नहीं लगाया।



## आज मीराबाई चानू की नजर मेडल पर

**पेरिस :** टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू पिछले कुछ समय में चोटों से जूझने के बावजूद बुधवार रात 11 बजे पेरिस ओलंपिक खेलों में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली भारोत्तोलक बनने का प्रयास करेंगी। मीराबाई ने पिछले ओलंपिक खेलों के पहले दिन ही पदक जीतकर भारत का खाता खोला था और काफी सुर्खियां बटोरी थीं, लेकिन इसके बाद वह चोटों से परेशान रहीं, जिसके कारण पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छी तरह से तैयारी नहीं कर पाई। राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने हालांकि दावा किया कि मणिपुर की रहने वाली यह खिलाड़ी पूरी तरह से फिट हैं। उनके लिए इस बार 202 किग्रा में कटौती नहीं की जाएगी, लेकिन उन्हें 205-206 किग्रा तक जाना चाहिए। हम चुनौती के लिए तैयार हैं।

## भारत-श्रीलंका के बीच तीसरा ओडीआई आज




**कोलंबोः** भारतीय क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच तीसरा और आखिरी वनडे मैच बुधवार को कोलंबो में खेला जाएगा। श्रीलंका ने दूसरे वनडे में 32 रन से जीत दर्ज की थी। ऐसे में मेजबान टीम के पास सीरीज को जीतने का शानदार मौका होगा। दूसरी तरफ रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम सीरीज को बराबरी पर समाप्त करना चाहेगी। अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमें कुल 170 वनडे में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 99 मैच भारत ने जीते हैं और 58 मैच श्रीलंका ने अपने नाम किए हैं। इस बीच दो मैच टाई और 11 मैच बेनतीजा रहे हैं। भारत ने श्रीलंका की धरती पर पांच सीरीज जीती हैं और दो गंवाई हैं। सीरीज के शुरूआती दोनों वनडे में भारत के बल्लेबाजों ने निराश किया है। दूसरे वनडे में भी लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 208 पर सिमट गई थी। आखिरी वनडे में शिवम दुबे की जगह पर रियान पराग को मौका मिल सकता है। श्रीलंका के गेंदबाजों ने अब तक कमाल किया है। एक बार फिर जेफरी वेंडरसे भारतीय बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी करना चाहेंगे।

### लक्ष्य सेन के प्रदर्शन से नाराज कोच प्रकाश पादुकोण का बड़ा बयान



**एजेंसी/ पेरिसः** ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल के प्ले ऑफ में लक्ष्य सेन के दबाव में आने से पूर्व दिग्गज खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण स्तब्ध हैं। ब्रॉन्ज मेडल में मिली हार के बाद उन्होंने कहा कि खिलाड़ी दबाव का सामना करना सीखें, जवाबदेह बनें और समर्थन मिलने के बाद परिणाम देना शुरू करें। पादुकोण ने कहा कि भारत को अपने खिलाड़ियों को मानसिक प्रशिक्षण देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, ताकि वे दबाव की स्थितियों का सामना करना सीख सकें। पादुकोण ने कहा, हम सिर्फ एक खिलाड़ी से संतुष्ट नहीं रह सकते। हमें अगली पंक्ति पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, शायद तीसरी पंक्ति पर भी। जैसे क्रिकेट में करते हैं। आपके पास मुख्य टीम है, फिर ए टीम, फिर अंडर-19 टीम, अंडर-17 टीम। इसलिए हमें ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। इसमें खिलाड़ियों की ओर से भी थोड़ा प्रयास चाहिए। थोड़ी ज्यादा जिम्मेदारी, थोड़ी ज्यादा जवाबदेही। आपने जो मांगा एक बार जब आपको वह मिल जाता है, तो आपको जवाबदेह भी होना चाहिए।




### पायल राजपूत की फिल्म 'मंगलवार' अब हिंदी में 9 को जी सिनेमा पर होगी रिलीज

**पायल राजपूत** और अजनीश लक्मथ स्टारर साउथ की ब्लॉकबस्टर एक्शन व हॉरर फिल्म 'मंगलवारम' अब हिंदी में 'मंगलवार' के नाम से 9 अगस्त 2024 को जी सिनेमा पर रिलीज होगी। इस फिल्म में पायल राजपूत और अजनीश लक्मथ ने अभिनय किया है। ईगल होम एंटरटेनमेंट्स के निदेशक सुरेंद्र सुनेजा फिल्म 'मंगलवार' की रिलीज को लेकर रोमांचित हैं। फिल्म 'मंगलवारम' रहस्य और हॉरर से भरपूर फिल्म है, जिसने दक्षिण के सिनेमाघरों में पहले ही धूम मचा दी है। इसका हिन्दी वर्जन का दर्शकों को इंतजार है।दक्षिण के सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद एक्शन व हॉरर फिल्म 'मंगलवारम' सबसे ज्यादा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। इस फिल्म ने कुछ ही दिनों में डिज्नी स्टार पर 150 मिलियन व्यूज मिनट के साथ अपनी सफलता का परचम लहरा दिया। अब यही फिल्म हिन्दी में 'मंगलवार' टीवी के दर्शकों तक पहुंचने के लिए तैयार है, क्योंकि इसका प्रीमियर 9 अगस्त 2024 को हिंदी में दुनियाभर में जी सिनेमा पर होने जा रहा है। फिल्म मंगलवार न केवल एक दिल छू लेने वाली कहानी है बल्कि एक एहसास भी है, जिसे आप देखते समय महसूस करेंगे। 'आरएक्स 100' और 'महा समुद्रम' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक अजय भूपति ने इस फिल्म को बाकी फिल्मों से काफी अलग बनाया है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के जंगलों में सैकड़ों कलाकारों के साथ लगातार 75 दिन और रात शूटिंग की है।

### फिल्म 'मार्टिन' का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज



**हाल** में मुंबई में सिनेमा का अनोखा जश्न मनाया गया, जहां दुनिया भर के पत्रकार और भारत के टॉप क्रिटिक्स एक साथ आए। यह अब तक का सबसे बड़ा सिनेमा इवेंट माना जा रहा है। इसमें कई शानदार प्रस्तुतियां थीं, जो दुनिया के मंच पर भारतीय फिल्मों के नए आयाम और अवसर को दिखाती हैं। इस दौरान सबसे खास पलों में से एक बहुप्रतीक्षित कन्नड़ फिल्म 'मार्टिन' का एक्सक्लूसिव ट्रेलर लॉन्च था, जिसने दर्शकों का ध्यान खींचा और भविष्य के सिनेमा के लिए एक ऊंचा बेंचमार्क सेट कर किया। इस इवेंट का मुख्य उद्देश्य भारतीय सिनेमा की वैश्विक दृश्यता को बढ़ाना और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाना था। इस भव्य समारोह ने न केवल भारतीय सिनेमा के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया, बल्कि फिल्म निमार्ताओं को अपने जबरदस्त काम को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने पेश करने के लिए एक भव्य मंच भी प्रदान किया। यह इवेंट भारतीय सिनेमा के लिए नए युग की शुरूआत को दशार्ता है, जो दुनिया भर में भारतीय सिनेमा के बढ़ते प्रभाव और रचनात्मक शक्ति को उभारता है।

### अश्विन महाराज लेकर आये हैं नया भक्ति गीत 'हरे राम हरे कृष्णा'




**प्रोड्यूसर** अश्विन महाराज ने जब भी म्यूजिक के साथ कुछ एक्सपेरिमेंट किया है, वे सफल रहे हैं। सावन के महीने में वे भक्तों को मंत्रमुग्ध करने के लिए एक भक्ति गीत लेकर आये हैं- हरे राम हरे कृष्णा। यह भक्ति गीत को सुन सभी कृष्ण भक्त भक्ति के रंग में रंग जायेंगे। इस गाने के म्यूजिक वीडिओ में अक्षय सेठी के साथ मेहर मोहंती नजर आ रही हैं। अंशित श्रीवास्तव ने अपनी आवाज से इस गाने को सजाया है। गाने के बोल और म्यूजिक सतीश त्रिपाठी ने दिए हैं। अश्विन महाराज द्वारा प्रोड्यूस यह भक्ति गीत सभी का दिल जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है। गाने को यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है।

**सावन के महीने में वे भक्तों को मंत्रमुग्ध करने के लिए एक भक्ति गीत लेकर आये हैं- हरे राम हरे कृष्णा। यह भक्ति गीत को सुन सभी कृष्ण भक्त भक्ति के रंग में रंग जायेंगे। इस गाने के म्यूजिक वीडिओ में अक्षय सेठी के साथ मेहर मोहंती नजर आ रही हैं।**

# जाह्नवी कपूर और जूनियर एनटीआर का रोमांटिक गाना रिलीज

**साउथ सुपरस्टार** जूनियर एनटीआर और बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर पहली बार किसी बड़े बजट की फिल्म में साथ नजर आएंगे। कई दिनों से चर्चा में बनी इस फिल्म का नाम 'देवरा' है। फिल्म को लेकर लोगों में उत्सुकता है। समय-समय पर सोशल मीडिया पर इस फिल्म के नाम के हैशटैग भी ट्रेंड करते रहते हैं। कुल मिला कर इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा है। लेकिन, अब फिल्म का एक गाना सामने आया है, जो बेहद रोमांटिक है। सोशल मीडिया पर इसे जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

गाने का नाम 'धीरे-धीरे' है, जिसमें जाह्नवी और एनटीआर की रोमांटिक जोड़ी नजर आ रही है। दूसरी तरफ इस गाने को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। इस गाने का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है, लेकिन इसे सुनने के बाद लोगों ने उनके संगीत पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। इस गाने को अब सोशल मीडिया पर 'कॉपी सॉन्ग' कहा जा रहा है।

इस गाने पर लोगों ने खूब रिएक्शन दिएः आपने श्रीलंकाई सिंगर योहानी का गाना 'माणिके मगे हिते' तो जरूर सुना होगा जो एक समय भारत में काफी वायरल हुआ था। इस गाने ने योहानी को इंटरनेट सेंसेशन बना दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने योहानी का गाना



शेयर करते हुए अनिरुद्ध को टैग करते हुए लिखा, 'हां रिपीट मोड अब चालू है।'

एक अन्य यूजर ने गाना शेयर करते हुए अनिरुद्ध को टैग करते हुए लिखा, 'कॉपी लेवल, ये क्या है?' तो एक यूजर ने कमेंट किया, 'देवरा का गाना और बीट 'माणिके मगे हिते' जैसा है।'

**लोग ट्रोल क्यों कर रहे हैं? :** अगर, आप फिल्म 'देवरा' का यह गाना सुनेंगे तो आपको सोशल मीडिया यूजर्स की ये बातें सच लगेंगी। क्योंकि, ये गाना वाकई 'डिजास्टर वाइब्स' दे रहा है। क्योंकि, इस गाने के बोल उनके म्यूजिक से बिल्कुल मेल नहीं खाते। गाने को सुनने पर ऐसा लगता है मानो बोल अभी-अभी लिखे गए हों। प्रसिद्ध कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस कोरियोग्राफी विभाग के प्रभारी थे। हालांकि इस बार उनकी मेहनत नजर नहीं आ रही है। अगर आप इस गाने को 15 सेकेंड भी सुनेंगे तो कब 'माणिक मागे हिते' पर पहुंच जाएंगे, आपको पता भी नहीं चलेगा। बिना सिर झुकाए आप बता सकते हैं कि ये गाना योहानी के गाने की कॉपी है।

फिल्म को लेकर काफी समय से जो माहौल गरमाया हुआ है वो इस गाने में नजर नहीं आ रहा है। यह 'देवरा' का दूसरा गाना है, इससे पहले 'भय संग' नाम से भी गाना गाया गया था जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था। उस गाने में 'देवरा' का थीम भी देखने को मिला था। हालांकि, एनटीआर-जाह्नवी के साथ-साथ सैफ अली खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म में वह नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

न्यूज ब्रीफ



## हिमाचल प्रदेश के आठ जिलों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मानसून जमकर बरस रहा है। भारी बारिश के कारण पेड़ उखड़ने, भूस्खलन और सड़कों के अवरुद्ध होने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। शिमला शहर में भी पेड़ों के धराशायी होने से वाहनों व अन्य संपति को नुकसान पहुंचा है। मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी 13 अगस्त तक राज्य में भारी वर्षा का येलो व ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं अगले 24 घण्टे 12 में से आठ जिलों में फ्लैश फ्लड आने की आशंका जताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। चम्बा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, सिरमौर, किन्नौर, शिमला और सोलन जिलों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी पूवार्नुमान के मुताबिक अगले छह दिन राज्य के कई इलाकों में भारी वर्षा हो सकती है। आज यानी बुधवार को भारी से बहुत भारी वर्षा का ाॅरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं आठ व नौ अगस्त को येलो अलर्ट रहेगा। 10 अगस्त को फिर से ओरेंज अलर्ट और 11 से 13 अगस्त तक येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## बाबा बूढ़ा अमरनाथ के दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना




**जम्मू:** बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए मंगलवार को तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना हुआ। जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार और एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने जम्मू में यात्रा निवास से यात्रा को हरी झंडी दिखाई। कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश के लगभग 700 लोग बाबा बूढ़ा अमरनाथ की तीर्थयात्रा के लिए आए हैं। सात अगस्त से शुरू हो रही बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 20 अगस्त को समाप्त होगी। बूढ़ा अमरनाथ मंदिर जम्मू के पुंछ जिले में स्थित है। पुंछ और राजौरी इलाकों में हाल ही में हुई आतंकी गतिविधियों के कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। तीर्थयात्रियों ने कहा कि उन्हें किसी तरह का डर नहीं है। उन्हें सेना पर पूरा भरोसा है। सुरक्षा बलों ने सुरक्षा के लिए अच्छे इंतजाम किए हैं। जम्मू के डिवीजनल कमिश्नर रमेश कुमार ने कहा कि बूढ़ा अमरनाथ यात्रा हर साल जम्मू से शुरू होती है। तीर्थयात्रियों के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना सभी इंतजामों की देखभाल के लिए मौजूद है। लगभग 700 तीर्थयात्री यात्रा पर जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के एडीजीपी आनंद जैन ने आश्वासन दिया कि तीर्थयात्रियों के लिए सभी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए खाने-पीने और ठहरने की व्यवस्था की गई है।

## सद्भावना एक्सप्रेस पर पथराव, कई यात्री घायल

**पूर्वी चंपारण:** मोतिहारी बापूधाम रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर सिंघिया समपार फाटक के पास मंगलवार देरशाम कुछ असामाजिक तत्वों ने आनंद बिहार से रक्सौल जा रही सद्धभावना एक्सप्रेस पर पथराव कर दिया। इससे स्लीपर बोगी में सफर कर रहे कई यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक यात्री को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घायल यात्री की पहचान सुगौली नगर पंचायत वार्ड संख्या 8 के निवासी मनोज सोनी के रूप में हुई है। सोनी मोतिहारी से सुगौली जाने के लिए स्लीपर बोगी में बैठे थे। मनोज के परिजनों ने बताया कि घटना के बाद आरपीएफ और जीआरपी जानकारी लेने तक अस्पताल नहीं पहुंची। उल्लेखनीय है कि मोतिहारी से सुगौली के बीच कई बार विभिन्न ट्रेनों पर पथराव हो चुका है।

## कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी की उछाल के साथ 76.51 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.01 डॉलर यानी 0.01 फीसदी बढ़कर 73.21 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में पेट्रोल का भाव 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसा : चार सह मालिकों की जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राव आईएएस स्टडी सर्कल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में गिरफ्तार चार सह-मालिकों की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया है। प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज अंजू बजाज चांदना ने मामले की अगली सुनवाई 9 अगस्त को करने का आदेश दिया।

आज सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने कोर्ट को बताया कि मामले में अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने दो अगस्त को इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। इसके पहले तीस हजारी कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने चारों सह-मालिकों की जमानत याचिका का निस्तारण




करते हुए कहा था कि अब ये मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया है, इसलिए याचिका सीबीआई कोर्ट में दाखिल करें। जिन आरोपितों ने जमानत याचिका दायर की है उनमें तेजिंदर सिंह, परविंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह शामिल हैं। इस मामले में एक आरोपित और थार चालक मनुज कथूरिया को सेशंस कोर्ट जमानत दे चुका है।

दिल्ली पुलिस ने 29 जुलाई को राव आईएएस स्टडी सर्कल के चारों सह मालिकों और थार चालक को गिरफ्तार किया था। इससे पहले 28 जुलाई को कोचिंग के मालिक अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया था। थार चालक को छोड़कर सभी आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं।

दिल्ली पुलिस ने इन आरोपितों के अलावा बिल्डिंग मैनेजमेंट, सिस्टम की देखरेख करनेवाले निगमकर्मियों और दूसरे आरोपितों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 106(1), 115(2), 3(5) के तहत केस दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि राव आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में लाइब्रेरी है। इस लाइब्रेरी में यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र पढ़ाई कर रहे थे। इस बेसमेंट में अचानक आए पानी में पढ़ाई कर रहे तीन छात्र फंस गए और इनकी मौत हो गई थी।

## नेपाल सीमा से सटे एक कबाड़ दुकान से भारी मात्रा में जानवर की हड्डी बरामद

### कबाड़ कारोबारी फरार उसकी पत्नी से एसएसबी की महिला बटालियन कर रही पूछताछ



**पूर्वी चंपारण:** नेपाल सीमा से सटे जिले के हरैया थाना क्षेत्र के भरतमही गांव में मंगलवार एक कबाड़ दूकान से एसएसबी व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में जानवर की हड्डी बरामद किया गया।बताया जा रहा है,कि भेलाही से नोनियाडिह जाने वाले रास्ते पर तिलावे पुल के नजदीक स्थित इस कबाड़ की दुकान में वर्षो से जानवरों की हड्डी की कारोबार चल रहा था। मंगलवार को भी यहां से भारी मात्रा में जानवर की हड्डी को जमा कर दूसरे जगह भेजने की तैयारी थी, इसी दौरान एसएसबी की टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए जानवर की हड्डी बरामद कर ली गयी। पुलिस व एसएसबी अधिकारियो के अनुसार पदाधिकारी कबाड़ दूकान को संजय चौरसिया नामक व्यक्ति संचालित करता है, जिसका घर भरतमही गांव में ही है और छापेमारी के बाद से संजय चौरसिया फरार है। इस छापेमारी के पूर्व एसएसबी सिसवा कैंप की टीम के द्वारा कैंप के पास से एक पीकअप को पकड़ा गया। जिसपर जानवर की हड्डी से भरा हुआ, 70 से अधिक बोरा लोड था। वहीं एक दूसरे पीकअप पर लोडिंग के दौरान कबाड़ में छापेमारी की गयी तो वहां रखे सैकड़ो बोरा जानवरों का हड्डी बरामद किया गया। हड्डी कारोबारी के पत्नी से एसएसबी की टीम पूछताछ कर रही है। पीकअप चालक राजन कुमार पासवान ने बताया कि संजय चौरसिया नामक व्यक्ति उसे धान लोडिंग के नाम पर भाड़ा पर लेकर आया था, यहां आने पर जानवर की हड्डी लोड करने लगा, तब तक एसएसबी की टीम ने छापेमारी कर दी। मौके पर मौजूद हरैया थाना पुलिस के अनुसार मंगलवार देर रात तक छापेमारी की कार्रवाई चल रही है।जिसके बाद वरीय पदाधिकारियो के निर्देश पर अग्रतर कारवाई की जायेगी।

## मजबूत शुरूआत के बाद बाजार पर मुनाफा वसूली का दबाव, ऊपरी स्तर से फिसले सेंसेक्स और निफ्टी



**नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजार में आज मजबूत शुरूआत के बाद मुनाफा वसूली का दबाव बनता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत एक प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ हुई, लेकिन बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से नीचे फिसल गए। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.74 प्रतिशत और निफ्टी 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, कोल इंडिया, बीपीसीएल, हीरो मोटोकॉर्प और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 6.37 प्रतिशत से लेकर 2.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आयशर मोटर्स, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर 0.68 प्रतिशत से लेकर 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,234 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,711 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 523 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 5 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 44 शेयर हरे निशान में और 6 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 972.33 अंक की मजबूती के साथ 79,565.40 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 79,639.20 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 584.87 अंक की मजबूती के साथ 79,177.94 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 296.85 अंक उछल कर 24,289.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,306.45 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आती चली गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 220.50 अंक की बढ़त के साथ 24,213.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 166.33 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 78,593.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 63.05 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,992.55 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## एयर इंडिया के विशेष विमान ने ढाका से भरी उड़ान, 205 यात्रियों को लेकर दिल्ली पहुंचा

### विस्तारा और इंडिगो भी ढाका के लिए आज से करेगी उड़ान का संचालन



**नई दिल्ली:** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने बुधवार सुबह राजधानी नई दिल्ली से बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बीच एक विशेष उड़ान का संचालन किया, जिससे छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ए 321 नियो विमान से संचालित एयर इंडिया का की चार्टर्ड उड़ान मंगलवार देररात ढाका से रवाना हुई, जिसके जरिए छह बच्चों और 199 वयस्कों सहित 205 लोगों को भारत लाया गया है। एयर इंडिया ने ढाका एयरपोर्ट पर बुनियादी ढांचा संबंधी चुनौतियों के बावजूद इस विशेष उड़ान का संचालन किया है। नई दिल्ली से ढाका के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के इस विमान में कोई यात्री नहीं था।

एयर इंडिया ने देररात जारी बयान में कहा कि एयरलाइन नई दिल्ली से ढाका के बीच अपनी दो दैनिक उड़ानों का संचालन बुधवार से बहाल करेगा। इससे एक दिन पहले कंपनी ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए अपनी सुबह की उड़ान को रद्द कर दिया था, लेकिन शाम की उड़ान को तय समय पर रवाना किया था। विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस भी आज से तय समय-सारिणी के मुताबिक ढाका के लिए उड़ानों का संचालन करेंगी।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ जारी प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के कारण एयरलाइन कंपनियों ने मंगलवार को ढाका के लिए अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी थीं।



## एससी-एसटी एक्ट के झूठे केस में फंसा कर सरकारी धन की बंदरबांट करने वाले गैंग पर चलेगा केस

**प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि बार और बेंच न्याय की दो आंखें हैं। किसी को भी न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग की छूट नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा झूठे केस में फंसाकर सरकारी धन की बंदरबांट की अनदेखी नहीं की जा सकती। ऐसे में कोर्ट मूकदर्शक नहीं रह सकती। कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि सच उजागर होना चाहिए और काली भेड़ें पकड़ी जानी चाहिए। हाईकोर्ट में एक केस के शीघ्र निस्तारण की मांग में दाखिल याचिका पर बड़ा खुलासा हुआ कि प्रयागराज में वकालत के बजाय दूसरा धंधा करने वाले कुछ वकीलों का एक गैंग आपरेट कर रहा है, जो महिलाओं को शामिल कर एससी-एसटी एक्ट के तहत झूठे आपराधिक केस में निर्दोष लोगों को फंसाकर चार्जशीट दाखिल होने पर सरकार से पीड़िता को मिली राशि का बंटवारा करता है। पुलिस विवेचना कर रही थी कि इस खुलासे के बाद सच्चाई पता लगाने के लिए न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने सीबीआई को प्रारम्भिक जांच का आदेश दिया। कुछ की एसआईटी जांच भी कराई गई। कोर्ट ने अधिवक्ता भूपेंद्र पांडेय के खिलाफ निक्की देवी द्वारा दारागंज थाने में दर्ज मामले में सीबीआई द्वारा क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने के बाद याचिका अर्थहीन करार दिया है। दूसरी तरफ सीबीआई ने विशेष अदालत लखनऊ में याची निक्की देवी, अधिवक्ता विनोद शंकर त्रिपाठी व सुधाकर मिश्र के खिलाफ धारा 120बी व धारा 211 भारतीय दंड संहिता के तहत केस चलाने की अर्जी दी। कोर्ट ने इस मामले की जांच कर रही सीबीआई की प्रारम्भिक रिपोर्ट सील कर महानिबंधक के समक्ष रख दिया है और एसआईटी को आठ मामलों की विवेचना करने का आदेश दिया है। आदेश की प्रति आईजी एसआईटी लखनऊ को भेजने को याचिका पर अधिवक्ता शैलेश मिश्र, सीबीआई के अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश व विपक्षी भूपेंद्र पांडेय ने बहस की। बाद में खुलासे के साथ तमाम वकीलों ने अर्जियां दी। 51 आपराधिक केसों का खुलासा किया गया। जिसमें से सबसे अधिक मऊआइमा में दर्ज है। बताया गया कि वकीलों का एक गैंग महिला की मदद से एससी-एसटी एक्ट में झूठी एफआईआर दर्ज कराता है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद सरकार से पीड़िता को मिली राशि की बंदरबांट करता है। तमाम लोगों सहित वकीलों को भी झूठे केस में फंसाया गया है। भूपेंद्र पांडेय को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाया गया।

